पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 22 ◆ अंक - 7 ◆ रायपुर 05 अक्टूबर 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### महतारी वंदन योजना से छत्तीसगढ़ की बहनें बन रही हैं आत्मनिर्भर - मुख्यमंत्री साय

# महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की बहनों के जीवन में लाई है नई रोशनी- अमित शाह

### माई दंतेश्वरी की धरती से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दी महतारी वंदन की सौगात

रायपुर। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की 'मोदी की गारंटी' के तहत शुरू की गई महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की बहनों के जीवन में नई रोशनी लाई है। यह योजना केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने वाला ऐतिहासिक कदम है।






केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आज जगदलपुर में बस्तर दशहरा एवं मुरिया दरबार के अवसर पर माई दंतेश्वरी की धरती से राज्य की 64 लाख 94 हजार 768 हितग्राही महिलाओं को महतारी वंदन योजना की 20वीं किस्त के रूप में 606 करोड़ 94 लाख रुपये की राशि अंतरित करते हुए यह बात कही।

केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का सपना है कि हर महिला सशक्त और आत्मनिर्भर बने तथा देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में बराबरी की भागीदारी निभाए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जिस पारदर्शिता और प्रतिबद्धता से इस योजना को लागू किया है, वह पूरे देश के लिए एक आदर्श है। यह योजना आने वाले वर्षों में प्रदेश के सतत विकास और महिला सशक्तिकरण की मजबूत नींव साबित होगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की बहनों के जीवन में आत्मविश्वास और सम्मान की नई ऊर्जा का संचार कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की 'मोदी की गारंटी' के रूप में मिली यह सौगात हमारे प्रदेश की महिलाओं को न केवल आर्थिक सहयोग दे रही है।

**महतारी वंदन योजना की 20वीं किस्त जारी : 65 लाख महिलाओं के बैंक खातों में पहुँचे 606.94 करोड़ रुपये**

## वृद्धजनों के सम्मान और कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध - मुख्यमंत्री



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि वृद्धजन हमारे मार्गदर्शक और अमूल्य संस्कृति के वाहक हैं। वृद्धजनों की देखभाल सरकार और समाज दोनों की साझी जिम्मेदारी है। केंद्र और राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों के पेंशन, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानपूर्ण जीवन के लिए समर्पित योजनाओं को लगातार मजबूत बना रही है। मुख्यमंत्री आज राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कृषि मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के राज्य स्तरीय आयोजन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वृद्धजनों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने बुजुर्गों की विशेष देखभाल के लिए राज्य में सियान गुड़ी, प्रदेश के चार बड़े शहरों रायपुर, बिलासपुर कोरबा और दुर्ग में पीपीपी मॉडल पर सर्वसुविधायुक्त वृद्धाश्रम बनाने और दिव्यांगजनों के सहायक उपकरणों के रिपेयरिंग के लिए राजधानी रायपुर में सर्विस सेंटर बनाने की घोषणा की। श्री साय ने नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राज्यभर में जागरूकता हेतु 25 नशामुक्ति रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं नृत्य प्रस्तुति दी गई और स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया।

### मुरिया दरबार में शामिल हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मांझी-चालकी से किया सीधा संवाद

# बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त करने किया सहयोग का आह्वान

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय बस्तर दशहरा पर्व के अवसर पर जगदलपुर के सिरहासार भवन में आयोजित मुरिया दरबार में शामिल हुए। बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के चित्र पर दीप प्रज्वलित करने के पश्चात केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने मांझी-चालकी से सीधा संवाद करते हुए बस्तर से माओवाद को समाप्त करने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि माओवाद से जुड़कर हथियार उठा चुके बच्चों को समझाएं कि वे मुख्यधारा में लौटें और शासन की योजनाओं का लाभ लें।



केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी बस्तर के विकास और नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए दृढ़संकल्पित हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने मांझी-चालकी से संवाद करते हुए कहा कि मार्च 2026 तक बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि बस्तर के युवा डॉक्टर, इंजीनियर, डिप्टी कलेक्टर और कलेक्टर बनकर पूरे छत्तीसगढ़ की सेवा करें। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि युवा नक्सलवाद से न जुड़ें और जो जुड़ चुके हैं, वे आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटें। जहां-जहां नक्सलवाद समाप्त हुआ है, वहां छत्तीसगढ़ सरकार तेजी से विकास कार्य कर रही है और लोगों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मुरिया दरबार में मांझी-चालकी को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बस्तर दशहरा पर्व को और भव्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बस्तर दशहरा के लिए दी जाने वाली राशि 25 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये की जा रही है।



साथ ही बस्तर दशहरा पर्व के परंपरागत स्थलों जिया डेरा, माडिया सराय इत्यादि के विकास और निर्माण कार्य भी सुनिश्चित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और अन्य अतिथियों का बस्तर दशहरा समिति के परंपरागत सदस्य मांझी-चालकी, मेम्बर-मेम्बरिन और नाईक-पाईक ने पारंपरिक पगड़ी एवं माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। मुरिया दरबार को उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष श्री महेश कश्यप ने भी संबोधित किया।

# विद्यालय संचालक समिति का चुनाव संपन्न

ब्यूरो चीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** अशासकीय विद्यालय संचालक कल्याण समिति, जिला बलौदा बाज़ार भाटापारा का चुनाव मंगलवार को मॉडर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल में सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर एकतरफा समर्थन और अपार बहुमत से श्री मनोज गुप्ता को विजय माला पहनाया गया।

विशेष बात यह रही कि विद्यालय संचालकों ने गुप्त मतदान से श्री गुप्ता को अपना नेतृत्व सौंपते हुए उन्हें लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुनकर पूर्ण विश्वास प्रकट किया।

चुनाव प्रक्रिया उत्साहपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। चुनाव अधिकारी श्रीमती प्रीति ताम्हणे व सहयोगी चुनाव अधिकारी डॉ बी राघव राव व तजीव अरोरा व अन्य सभी स्कूल संचालकों के बीच मतदान से संपन्न हुआ परिणाम घोषित होते ही उपस्थित संचालकों ने तालियों की गड़गड़ाहट और पुष्पमालाओं से श्री गुप्ता का भव्य स्वागत किया।



विजय उपरांत अपने उद्बोधन में श्री मनोज गुप्ता ने सभी संचालकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत मेरी नहीं, बल्कि सभी विद्यालय संचालकों की एकजुटता और शिक्षा के प्रति समर्पण की जीत है। आने वाले समय में विद्यालयों की समस्याओं के निराकरण और शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए मैं और अधिक निष्ठा से कार्य करूंगा। विद्यालय संचालकों ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री गुप्ता के नेतृत्व में समिति शिक्षा क्षेत्र की उन्नति और विद्यालयों के हितों की रक्षा हेतु लगातार प्रभावी भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में बलौदा बाजार भाटापारा जिला के पांचो ब्लॉक से स्कूल संचालक उपस्थित थे।



विजयादशमी उत्सव

# 100 वर्षों में संघ ने दमन सहकर अमन चैन बनाया - मनीष



**रायपुर।** गत 100 वर्षों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश को दमन सहकर चमन प्रदान किया। वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बिना विचलित हुए तमाम प्रतिबंधों के बावजूद देश में अमन चैन प्रदान किया। उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रायपुर महानगर सह प्रचार प्रमुख मनीष कश्यप ने तात्यापारा नगर के रामकुंड बस्ती में आयोजित विजयादशमी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा. उन्होंने संघ के सौ वर्ष की संघर्षशील और विकासशील यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि, संघ की सौ वर्षों की यात्रा चार चरण की थी। इन चार चरणों में पहला चरण – 1925 से 1948 का उपहास और तिरस्कार का , दूसरा- 1948 से 1972 का दमन और अत्याचार का था, तीसरा-1971-2011 संघर्ष व आंदोलन का था. वहीं चौथा, 2011 से अब तक को विजय ही विजय का है। संघ ने आनुषंगिक संगठनों के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, स्व रोजगार सहित कई क्षेत्रों में देश में अमन चैन का नव सृजन किया। उन्होंने पञ्च परिवर्तन के बारे में बतलाते हुए कहा कि शताब्दी वर्ष में संघ, प्रमुखजन के सहयोग से इन पांच कार्य - सामाजिक समरसता, कुटुंब-प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन-शैली और नागरिक कर्तव्य को अपने व्यवहार में उतारने का आग्रह करेगा। इस दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ स्वयंसेवक सुयश शुक्ला सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

गरियाबंद में अब भी जारी है हीरे की तस्करी

# पुलिस की छापामार कार्रवाई में अवैध हीरा बेचने और खरीदने वाले हुए गिरफ्तार

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में हीरे की खदान तो अब तक नहीं खुली मगर इलाके में अवैध तरीके से हीरे की खुदाई करके तस्करी करने का काम लगातार जारी है। पुलिस भी यदा-कदा ऐसे लोगों की धर-पकड़ करती है। इसी कड़ी में पुलिस ने ऐसा ही एक मामला उजागर किया है, जिसमें हीरा बेचने और खरीदने वाले 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक थाना गरियाबंद को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति ने अपने पास जिला अस्पताल गरियाबंद के सामने रोड पर अपने पास बहुमूल्य खनिज सामाग्री हीरा रखा हुआ है। जिसे बेचने की फिराक में घुमते हुए ग्राहक का इंतजार करते खड़ा है। सूचना पर थाना गरियाबंद से पुलिस स्टाफ ने घटना स्थल रवाना हो कर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की। मौके पर एक संदिग्ध व्यक्ति मिला जिसने अपना नाम जैन कुमार नेताम पिता स्व बंशीलाल नेताम उम्र 45 वर्ष, साकिन ग्राम छिंदौला थाना व जिला गरियाबंद का रहने वाता बताया।



**छः नग हीरा हुआ बरामद**

उक्त आरोपी की तलाशी ली गई। जिसके लोवर के जेब से एक सफेद कागज में लिपटा हुआ 06 नग हीरा खनिज पदार्थ अवैध रूप से मिला। अवैध हीरा रखने एवं बिक्री करने के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी जैन कुमार नेताम द्वारा बताया गया कि अवैध हीरा को रघुराम ध्रुव पिता स्व.रामजी ध्रुव साकिन कोसमबुड़ा के द्वारा बेचने के लिए दिया गया है। जिसे आरोपी जैन कुमार के द्वारा आरोपी सूरज सोनी और विशाल सोनी पिता संतोष सोनी, साकिन जेल कॉलोनी बठेना थाना सिटी कोतवाली धमतरी को अवैध हीरा बेचने के लिए घटना स्थल में उसने बुलाया था। दोनो आरोपियो को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान पतासाजी करते हुए अवैध हीरे की बिक्री करने वाले आरोपी (04) रघुराम ध्रुव पिता स्व. रामजी ध्रुव साकिन कोसमबुड़ा को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकरण में इण्ड टू इण्ड कार्यवाही करते हुए आरोपियों का कृत्य धारा- 303(2), 3(5) बीएनएस 21(4) खान एवं खनिज (विकास का विनियमन) अधिनियम 1957 का पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

आरोपियों के कब्जे से 06 नग अवैध हीरा के साथ एक नग NOTHING कंपनी का मोबाइल, एक रीयलमि कंपनी का मोबाइल को जप्त किया गया। प्रकरण के तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी उपरांत न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## ये हैं गिरफ्तार आरोपी

(1) जैन कुमार नेताम पिता स्व बंशीलाल नेताम उम्र 45 वर्ष साकिन ग्राम छिंदौला थाना व जिला गरियाबंद,

(2) सूरज सोनी पिता संतोष सोनी उम्र 30 साल साकिन जेल कॉलोनी बठेना थाना सिटी कोतवाली धमतरी जिला धमतरी

# मोदी सिद्धांत से मजबूत हुआ भारत



इस काल में देशों को सीमाओं के पार जटिल राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संदर्भों में अपने हितों की रक्षा और विस्तार के लिए सूझ-बूझ, संतुलन, संवाद, और मध्यस्थता करनी पड़ती है। 21वीं सदी में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक कूटनीति के चातुर्य काल के अधिष्ठाता समझे जाते हैं। उन्होंने समकालीन विश्व को जो कूटनीतिक संदेश दिया है, वह मोदी डॉक्ट्रिन यानी मोदी सिद्धांत के नाम से मशहूर है। कहना न होगा कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का यह काल वैश्विक सत्ता संघर्ष, क्षेत्रीय विवाद, आर्थिक साझेदारी, तकनीकी और आर्थिक सहयोग तथा बहुपक्षीय कूटनीतिक पहलों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय माहौल को स्थिर और सकारात्मक बनाए रखने के लिए दक्षता और चतुराई की आवश्यकता पर जोर देता है। उदाहरण के रूप में, भारत की हाल की विदेश नीति में अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता, मध्य पूर्व संघर्ष, रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे वैश्विक तनावों के बीच तटस्थता और संतुलन बनाए रखने की रणनीति, और क्षेत्रीय सहयोग जैसे क्वाड पहल शामिल हैं, जो वैश्विक कूटनीति के चातुर्य काल की एक झलक हैं। निःसन्देह, इस काल में कूटनीतिक क्रियाकलाप बिना बल प्रयोग के अपने राष्ट्रों के योगदान और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रीत होते हैं। इसलिए, वैश्विक कूटनीति के चातुर्य काल का मतलब समग्र वैश्विक वातावरण में सूझ-बूझ और सामंजस्यपूर्ण कूटनीतिक प्रयासों के माध्यम से अपने और वैश्विक हितों को संतुलित और सुरक्षित रूप से आगे बढ़ाने की क्षमता को कह सकते हैं।

> भारत की संप्रभुता के खिलाफ किसी भी कार्रवाई पर तत्काल और कठोर जवाब दिया जाता है। किसी भी तरह के परमाणु युद्ध या जमीनी युद्ध के डर से भारत पीछे नहीं हटता; बल्कि भारत अपनी शर्तों पर कार्रवाई करता है। वैश्विक कूटनीति के चातुर्य काल का तात्पर्य उस दौर से है जब विश्व के देशों के बीच कूटनीति (राजनय) और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में निपुणता, समझदारी और रणनीतिक कुशलता अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

यह मोदी डॉक्ट्रिन यानी मोदी सिद्धांत से प्रभावित है। दरअसल, मोदी डॉक्ट्रिन का मतलब है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वह नीति-संहिता, जिसमें भारत अपनी विदेश नीति, सुरक्षा नीति और आतंकवाद के खिलाफ रणनीति में पहले से काफी ज्यादा आक्रामक, आत्मनिर्भर और सक्रिय हो गया है। इस सिद्धांत के तहत भारत हर अंतरराष्ट्रीय मसले में भारत के हित को सर्वोपरि रखता है। भारत अब किसी एक गुट का हिस्सा नहीं बनता, बल्कि सभी देशों से कूटनीतिक संबंध मजबूत करता है। भारत मल्टी-अलाइनमेंट को प्रोत्साहित करता है, ताकि उसकी रणनीतिक स्वतंत्रता बनी रहे। लिहाजा, मेक इन इंडिया और आर्थिक-तकनीकी आत्मनिर्भरता का भी इसमें खास महत्व है। मोदी डॉक्ट्रिन के अनुसार, भारत अब आतंकवाद के खिलाफ सिर्फ डिफेंसिव नहीं, बल्कि आक्रामक रणनीति अपनाता है। सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों ने यह दिखाया है कि भारत अब अपनी सुरक्षा के लिए सीमा-पार कार्रवाई करने से नहीं डरता। अब भारत आतंकवादियों के खिलाफ डोजियर भेजने की नीति को छोड़कर, सीधे सैन्य दबाव बनाता है। भारत की संप्रभुता के खिलाफ किसी भी कार्रवाई पर तत्काल और कठोर जवाब दिया जाता है। किसी भी तरह के परमाणु युद्ध या जमीनी युद्ध के डर से भारत पीछे नहीं हटता; बल्कि भारत अपनी शर्तों पर कार्रवाई करता है। भारत की मजबूत स्थिति का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान के ऊपर परोक्ष रूप से चीनी/अमेरिकी हाथ होने के बावजूद भारत ने उसके छक्के छुड़ा दिया और युद्धोंमत पाकिस्तान को भारत के समक्ष घुटने टेकने व गिड़गिड़ाने को मज़बूर कर दिया। भारतीय संस्कृति, सभ्यता और योग जैसे वैश्विक अभियान भी इसी नीति का हिस्सा हैं। मोदी डॉक्ट्रिन का मतलब है- निर्णायक, निर्भीक, आक्रामक, बहुपक्षीय, आत्मनिर्भर और भारत-हित केंद्रित नीति, जिससे भारत वैश्विक मंच पर ज्यादा शक्तिशाली स्थिति में पहुंचा है।

प्रो. गौरव वल्लभ

# स्वदेशी एवं स्वावलम्बन ही नये भारत का आधार

*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना महोत्सव यानी प्रत्येक वर्ष विजयदशमी के अवसर पर संघ प्रमुख का उद्बोधन एक नए संदेश और नये दृष्टिकोण के साथ सामने आता है, इस उद्बोधन का पूरा राष्ट्र इंतजार करता है। इस बार संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कई ऐसी बातें कहीं, जो सरकार के साथ समाज के लोगों का ध्यान खींचने वाली हैं। इस पर आश्चर्य नहीं कि उन्होंने अपने संबोधन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से भारत पर थोपे गए टैरिफ की चर्चा की। 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ ने भारत के समक्ष जो कठिन चुनौती खड़ी कर दी है, उसका प्रभावी ढंग से सामना स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही किया जा सकता है।*




संघ की स्थापना का यह अवसर केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। भागवत ने स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया।

भागवत ने संबोधन में स्वदेशी और स्वावलंबन को नए भारत का आधार बताया है। उन्होंने कहा कि आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था में परस्पर निर्भरता एक स्वाभाविक स्थिति है, लेकिन यह निर्भरता कभी भी बंधन या मजबूरी में परिवर्तित नहीं होनी चाहिए। भारत को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना होगा ताकि विदेशी निर्णयों और नीतियों पर हमारी नियंत्रण क्षमता सीमित न हो जाए। उनका कहना था कि स्वदेशी का अर्थ यह नहीं है कि हम दुनिया से कट जाएं, बल्कि यह है कि हम अपनी शर्तों पर और अपनी आवश्यकताओं के अनुसार संबंध बनाएं।

संघ की स्थापना का यह अवसर केवल एक उत्सव मात्र नहीं था, बल्कि यह आयोजन भारत की आत्मा और उसके भविष्य की एक गहन घोषणा थी। भागवत ने स्पष्टता और गंभीरता से अपने विचार रखे, भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में एक नया क्षितिज भी उद्घाटित किया। यह आयोजन संघ के सौ वर्ष सम्पूर्णता की साधना का मूल्यांकन ही नहीं, बल्कि आने वाले सौ वर्षों की दिशा का भी उद्घोष था। नई इबारत लिखते हुए भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ की कार्यप्रणाली का सार है, नए मनुष्य एवं सशक्त-स्वावलम्बी भारत का निर्माण। यह विचार सुनने में सरल लग सकता है, किंतु इसके निहितार्थ अत्यंत गहरे हैं। समाज और राष्ट्र की सारी समस्याओं का मूल व्यक्ति के भीतर छिपा है। इसीलिये देश के सभी वर्गों को एकसूत्र में जोड़ने के संकल्प के साथ संघ आगे बढ़ेगा क्योंकि जब तक व्यक्ति का चरित्र, दृष्टि और आचरण नहीं बदलते, तब तक कोई भी व्यवस्था स्थायी रूप से परिवर्तित नहीं हो सकती। संघ व्यक्ति-निर्माण के माध्यम से समाज और राष्ट्र को बदलने की दीर्घकालिक साधना कर रहा है। यही कारण है कि संघ के कार्य का परिणाम केवल शाखाओं या कार्यक्रमों में नहीं मापा जा सकता, बल्कि उस अदृश्य लेकिन ठोस नैतिक शक्ति एवं सशक्त राष्ट्रीय भावना में देखा जा सकता है, जो धीरे-धीरे समाज की दिशा बदल रही है। भागवत ने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक दृष्टि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक और जीवन मूल्यों से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने विविधता को भारत की विशेषता बताया और समाज में विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर चेताया। उन्होंने पंच परिवर्तन की संकल्पना भी प्रस्तुत की जिसमें आत्मजागरूकता, पारिवारिक मूल्य, नागरिक अनुशासन और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को जोड़ा गया है। इस संदेश के सकारात्मक पक्ष अनेक हैं। यदि इसे गंभीरता से अपनाया जाए तो यह देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई दिशा दे सकता है। स्थानीय उद्योगों, हस्तशिल्प और कृषि को बढ़ावा देने से रोजगार का सृजन होगा और आर्थिक आत्मसम्मान मजबूत होगा। स्वदेशी पर बल देने से विदेशी निर्भरता घटेगी और देश की सुरक्षा व नीति संबंधी स्वतंत्रता बढ़ेगी। यदि समाज के स्तर पर भी इस सोच को अपनाया जाए तो उपभोक्तावाद के स्थान पर संवेदनशीलता और सेवा भाव विकसित होगा।

*विविधता के सम्मान और सामाजिक सद्भाव के आग्रह से राष्ट्र अधिक एकजुट और शक्तिशाली बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जिस आत्मनिर्भर भारत का आह्वान कर रहे हैं, उसका मूल उद्देश्य केवल आर्थिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है। यह संदेश देश की घरेलू क्षमताओं को सशक्त बनाने, आयात पर निर्भरता घटाने और स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ विकास की दिशा को व्यापक सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ता है, जिसमें महात्मा गांधी की 'स्वदेशी अपनाओ' और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 'अंत्योदय' की परिकल्पना स्पष्ट तौर पर समाहित है। स्वदेशी और स्वावलंबन की राह पर चलकर ही नया भारत-सशक्त भारत का निर्माण किया जा सकता है। इस बात को सरकार भी रेखांकित कर चुकी है और अब संघ प्रमुख ने भी दोहरा दिया। यह समय की मांग है कि स्वदेशी और स्वावलंबन पर तब तक बल दिया जाए, जब तक वांछित सफलता न मिल जाए। जहां सरकार को स्वदेशी की राह को आसान करना होगा, वहीं समाज को सहयोग देने के लिए तत्पर रहना होगा। इस उम्मीद में नहीं रहा जाना चाहिए कि अमेरिका के साथ शीघ्र ही आपसी व्यापार समझौता हो जाएगा।*

> नागरिकों की आदतों और व्यवहार में बदलाव लाना आसान नहीं है, लेकिन यदि यह बदलाव शिक्षा, प्रोत्साहन और जनचेतना के माध्यम से लाया जाए तो यह नारा समाज में गहरी जड़ें जमा सकता है। संघ प्रमुख का यह संदेश नए भारत की दिशा में प्रेरणा का स्रोत है। यह हमें बताता है कि हमें अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति पर गर्व करना चाहिए, वैज्ञानिक और तकनीकी दृष्टि से सशक्त होना चाहिए और विश्व के साथ संवाद स्थापित करते हुए भी अपनी स्वायत्तता को बनाए रखना चाहिए। किंतु इसके लिए आलोचनात्मक विवेक, व्यावहारिक सोच और निरंतर समीक्षा की आवश्यकता है।

ललित गर्ग

# नवरात्र के नवमी पर हुई भव्य देवी लीला, डरावने दृश्य को देखकर लोग हुए रोमांचित

## पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी सीमा शर्मा एवं संजय जोशी व परिवार रहे नवमी मंचन पर उपस्थित

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाटापारा आदर्श रामलीला नाटक मंडली के दसवें दिवस व नवरात्र के नवमी अवसर पर भव्य देवी लीला, जो की बहुत ही प्रसिद्ध है आसपास के क्षेत्र में, जिसकी शानदार तरीके से प्रस्तुति दी गई। रामलीला मैदान में लगभग 5000 की भीड़ रही। भव्य देवी का सीन, बैगाओं का आह्वान व नाच, सुलोचना प्रसंग एवं अहिरावण वध की लीला दिखाई गई । अहिरावण की भूमिका में दिखे रामलीला के वरिष्ठ कलाकार कोमल शर्मा जिन्होंने अपने जीवंत प्रस्तुति से शानदार माहौल बनाया।सुलोचना का पाठ आयुष तिवारी ने निभाया। भाटापारा की ऐतिहासिक आदर्श राम नाटक मंडली के लगातार 106 वें वर्ष के मंचन पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी की आरती में माहेश्वरी समाज, गुप्ता समाज, जैन समाज, गुजराती समाज एवं अग्रवाल समाज के प्रतिनिधिगण शामिल होकर अपने व अपने परिवार को पुण्य का भागीदार बनाया। रामरतन मुधड़ा, सतीश अग्रवाल, श्रीमती प्रीति शाह सुरेश भंसाली, श्रेणीक गोलछा एवं रवि गुप्ता ने अपने संबोधन में रामलीला टीम को इस शानदार मंच में बाल कलाकारों के अभिनय के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं साधुवाद दिया। कार्यक्रम में संजय जोशी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रकाश इंडस्ट्रीज, सुधाकर शाश्वत प्रेसिडेंट







### आरती में संजय जोशी एवं प्रकाश इंड्रस्टीज के पदाधिकारी हुए शामिल

प्रकाश इंडस्ट्रीज उपस्थित रहे। संजय जोशी ने रामलीला व्यवस्थापन को श्रीफल एवं साल से सम्मान किया बाद में सुधाकर शास्वत मंडली को लगातार आगे भी सहयोग बनाने की बात कही । देवी की आरती में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं श्रीमती सीमा शर्मा ने भी पूजा अर्चना की। संजय जोशी ने शिवरतन जी शर्मा एवं श्रीमती सीमा शर्मा को श्रीफल एवं साल देकर सम्मान किया और उनकी रामलीला के प्रति प्रेम एवं सहभागिता के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद दिया । अपने संबोधन में शिवरतन शर्मा ने कहा कि किसी भी संगठन को प्रारंभ करना आसान होता है लेकिन इतने लंबे समय तक उसको सफलतापूर्वक चलाना यह अपने आप में बहुत अद्भुत है उन्होंने कलाकारों एवं उनके पलक गानों को बहुत-बहुत बधाई और आभार दिया और अपनी तरफ से आगे भी भरपूर सहयोग की बात कही कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित राजेश झंवर, अनिल चांडक, तरुण मुधड़ा, प्रवीण राठी, अनिल मल, अजय मल, नंदकिशोर अग्रवाल, मनीष बंसल, संतोष



अग्रवाल, विकास अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, नीरज, देवेंद्र गुप्ता, सुभाष गुप्ता, अमरनाथ गुप्ता, संजय गुप्ता, मेहुल चौहान, सुनील यादव पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष, प्रकाश सोनी एवं प्रकाश इंडस्ट्रीज पदाधिकारी रामलीला संरक्षक मंडल सदस्य उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय पुनरीक्षण एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया

**बेमेतरा।** आज कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण एवं परामर्शदात्री समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, बैंकों के कार्यकलापों तथा हितग्राही उन्मुख कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी संभव है, जब उनका प्रभावी क्रियान्वयन धरातल तक पहुंचे। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं बैंकों से अपेक्षा जताई कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी पात्र हितग्राही को वंचित न रखा जाए।



### कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर विशेष फोकस

उन्होंने विशेष रूप से कृषि प्रधान बेमेतरा जिले की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मत्स्यपालन जैसी आयमूलक गतिविधियों को बढ़ावा देना अति आवश्यक है। कलेक्टर ने बैंकों को निर्देश दिए कि वे प्राथमिकता क्षेत्र ऋण वितरण में सक्रिय सहयोग दें तथा जरूरतमंद किसानों और ग्रामीणों को ऋण एवं अनुदान का लाभ सरलता से उपलब्ध कराएं।

### स्वरोजगार योजनाओं पर जोर

बैठक में स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति पर भी गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, खादी ग्रामोद्योग योजनाएं, मुद्रा योजना और अन्य स्वावलंबी कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन कर अधिक से अधिक युवाओं और बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ा जाए।

### बैंकिंग सेवाओं की समीक्षा

बैठक में विभिन्न बैंकों के ऋण अनुपात, खाता संचालन, आधार सीडिंग एवं वित्तीय समावेशन की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना (विशेषकर पशुपालन एवं मत्स्यपालन के लिए साख उपलब्धता), तथा महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत आधार लिंकिंग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### पारदर्शिता एवं जवाबदेही पर बल

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिले की बड़ी आबादी खेती-किसानी और उससे जुड़ी गतिविधियों पर निर्भर है, इसलिए शासन की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू करना अत्यंत आवश्यक है।

बैठक के अंत में कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने कहा कि सभी विभाग और बैंक आपसी समन्वय स्थापित कर जिले के विकास एवं हितग्राहियों की समृद्धि में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन योजनाओं की निगरानी एवं मॉनिटरिंग लगातार करता रहेगा, ताकि योजनाओं का अधिकतम लाभ अंतिम पंक्ति तक बैठे पात्र हितग्राहियों को मिल सके।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती प्रेमलता पदमाकर, एडीएम डॉ.अनिल बाजपयी, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, उद्योग विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्यपालन विभाग, पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# रावणभाठा के पारम्परिक रावण दहन महोत्सव में शामिल हुए शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देने वाला दशहरा का पर्व नगर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आदर्श राम लीला नाटक मंडली द्वारा 106वें वर्ष रावण दहन के पूर्व लीला का मंचन किया गया जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा रावणभाठा के ऐतिहासिक एवं पारम्परिक रावण दहन महोत्सव में शामिल हुए। रावण मेघनाथ एवं कुम्भकर्ण के पुतले का दहन किया गया। उक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा ने समस्त उपस्थितजनो को नवरात्रि और विजयदशमी के साथ ही दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होनें कहा कि विजय दशमी का यह पर्व असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की, बुराई पर अच्छाई की और अहंकार पर विनम्रता की विजय का प्रतीक है। जो हमें सिखाता है कि अहंकार विनाश का कारण बनता है। चाहे इंसान



कितना भी शक्तिशाली और बुद्धिमान ही क्यों न हो। उन्होंने कहा कि, हम सभी ने 9 दिनों तक नवरात्रि पर्व मना कर मां की आराधना की और शक्ति प्राप्त की।

यही शक्ति हमें जीवन में तरक्की और सफलता दे साथ ही अन्याय, अत्याचार, अधर्म और बुराइयों को नाश करने की क्षमता भी प्रदान करे। प्रभु श्री राम ने घमंडी और अहंकारी रावण का नाश किया था। भाजपा सरकार सनातन के वैभव और विरासत को लेकर विकास के रास्ते चल रही है हमारा भारत पहले विश्व गुरु था। अब पुन: विश्व गुरु बनने के राह पर भारत चल पड़ा है साथ हीं रावणभाठा मैदान में पथवें में लगे 27 स्ट्रीट लाइट का शिवरतन शर्मा द्वारा मेन स्विच चालु कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, राकेश तिवारी, दिलीप छाबड़िया, सुनील यदु, मोहन बांधे, आशीष जायसवाल, ओम प्रकाश रात्रे, महाबल बघेल, योगेश अनंत, सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# कोलिहा में श्रद्धा के साथ मां दुर्गा एवं ज्योत जंवारा का विसर्जन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** ग्राम पंचायत कोलिहा में हर साल कि भांती इस साल भी कुंवार नवरात्र में मां महामाया मंदिर बजार चौक गोवर्धन चौक एवं लक्ष्य चौक पर अलग अलग श्रद्धालुओं द्वारा समिति बनाकर मां दुर्गा की स्थापना कराया था। वही महमाया मन्दिर में आस्था के 70 ज्योति कलश प्रज्वलित कर स्थापना हुआ था। जिनको गांव के गणमान्य लोग व समिति गणो सहित सेवा समिति द्वारा श्रध्दा के साथ ज्योत जवारा मां दुर्गा के प्रतिमा का गांव के कडुका तालाब में विसर्जन किया गया। कार्यक्रम सफल बनाने में सरपंच गीता संतोष साहू, जनपद सदस्य रामजी निषाद, उपसरपंच लीना ब्रम्हानन्द साहू ,महामाया समिति के सदस्य गण एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।

# रोहरा में पाईप लाईन विस्तार के लिए ठेकेदार ने खोदा गड्ढा , लोग परेशान

## कछुआ चाल पर चल रहा कार्य

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत रोहरा में जल जीवन मिशन के तहत पाईप लाईन विस्तार का कार्य पांच साल पहले प्रारंभ हुआ था। ठेकेदार द्वारा कार्य को मनमाने तरीके से किया जा रहा है। पाइप लाइन बिछाने के लिए ग्राम के अंदर तोड़ी गई सीसी रोड का आज तक मरम्मत नहीं हो पाया है। शिवनाथ नदी से पानी लाने का चल रहा कार्य लम्बे समय से अधुरा पड़ा हुआ है। दौरेगा रोड किनारे बडा बडा गड्ढा खोदकर ठेकेदार ने लम्बे समय से कार्य बन्द कर गड्ढो को खुला छोड़ दिया है आये दिन रात्रि में आवा जाही करने वाले राहगीर दुर्घटना ग्रस्त हो रहे है। लगातार बारिश होने के कारण गड्ढो में पानी भर गया है जिसके चलते गड्ढों से बदबु निकल रहा है । विदित हो कि जल जीवन मिशन (जेजेएम) का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी के द्वारा 15 अगस्त, 2019 को किया गया था। इस महत्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य वर्ष 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण घर में नल से जल की उपलब्धता को सुनिश्चित करना था इस मिशन का प्रमुख लक्ष्य साल 2024 तक लगभग 16 करोड़ अतिरिक्त घरों को नल का जल उपलब्ध कराकर इस अंतर को पाटना था । इसके अलावा मिशन में मौजूदा जल आपूर्ति प्रणालियों की कार्यक्षमता सुनिश्चित करना और 19 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को इस योजना के तहत सीधे लाभ पहुंचाना भी शामिल है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण-शहरी अंतर को कम करना तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है लेकिन नल जल योजना का कार्य अभी तक पुर्ण नहीं है । ठेकेदार के लापरवाही को देखते हुए आस पास गांव वालो ने शासन प्रशासन को संज्ञान लेकर गड्ढों का कार्य को पूर्ण कराने मांग की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए संगत रवाना



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ सिख संगठन के द्वारा हेमकुंड यात्रा सरदार हरपाल सिंह भामरा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से रवाना हुई यह यात्रा 8 अक्टुबर को हेमकुंड साहिब पहुंचेगी इसके अलावा पौंटा साहिब, हरिद्वार, ऋषिकेश, बद्रीनाथ, दरबार साहिब अमृतसर के दर्शन करते हुए वापस 16अक्टुबर को को रायपुर पहुंचेगी। यात्रा को रवानगी देने हेतु अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा छत्तीसगढ़ सिख संगठन के संयोजक अरुण छाबड़ा, बंटी,प्रदेश उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह, टोनी, प्रदेश महासचिव सचिन मानु सलूजा, मनमीत सिंह, यशवंत सिंह, गुरुजेज सिंह,प बलजीत चावला, इंद्रजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस भवन में महात्मा गांधी की जयंती पर उमड़े कांग्रेस जन



**भाटापारा।** कांग्रेस भवन में महात्मा गांधी की जयंती पर कांग्रेस जनो द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस नेता सतीश अग्रवाल, राजकुमार शर्मा , आलोक मिश्रा, सुशील शर्मा ,दिवाकर मिश्रा ,राजेन्द्र वर्मा , नवीन बख्श, लक्ष्मी पाण्डेय , प्रमिला साहु ,अयुब बाठिया, ओमप्रकाश यदु,पुनीत मानिकपुरी ,मोहन निषाद, शशांक बंजारे, हलधर शर्मा, गोविंद साहू ,महेन्द्र साहू , कीरीथ वर्मा, विक्रम ललवानी, पिंटू रजक , दानी भाट कुमारी जांगडे ,पूर्णिमा श्रीवास, अरूण यदुआदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### रोहरा में ज्योत जवांरा व मां दुर्गा का किया गया विसर्जन



**भाटापारा।** ग्राम पंचायत रोहरा में हर साल कि भाती इस साल भी कुंवार नवरात्र में मां महामाया मंदिर में श्रद्धालु जनों द्वारा आस्था के 109 ज्योती कलश प्रज्वलित कराया गया था। वहीं गांव के विभिन्न चौक एवं दौरेगा चौक मेन रोड में मां दुर्गा कि प्रतिमा का भक्तजनो द्वारा स्थापना कराय गया था जहां परंपरा अनुसार भक्त जनो द्वारा भक्ति भावना से अराधना की गई। कुंवार नवरात्र में पुरा गांव भक्ति आराधना में डुबा रहा इसी तरह ज्योति जवारा विसर्जन देखने श्रद्धालुओं गण बड़ी संख्या में माहमाया मन्दिर में पहुंचे और गांव के बंधवा तालाब में परंपरा अनुसार जवांरा व मां दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन किया गया जिसमें समस्त ग्रामीण जन सहयोग में जुटे थे।

# रामलीला में विभिन्न प्रसंगों का मंचन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** 106 वें वर्ष की रामलीला के पांचवे दिवस के मंचन में शबरी प्रसंग, रामसुग्रीव मित्रता, बालिवध की लीला दिखाई गई , जिसमे नवधा भक्ति और मित्रता के रिस्तो के बारे में शिक्षा भगवान राम के द्वारा दी गई । भाटापारा की ऐतिहासिक आदर्श रामलीला नाटक मंडली के 106 वर्ष के पांचवें दिन के मंचन में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी की आरती में नगर के जनप्रतिनिधि एवं अंबुजा विद्यापीठ के प्राचार्य ने अपनी सेवा दी। नगर पालिकाअध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं सभी वार्डो के पार्षद पूरे उत्साह के साथ इस आरती में शामिल हुए विशेष कर महिला पार्षदों की भी उपस्थित उल्लेखनीय रही। अंबुजा विद्यापीठ के प्राचार्य एस.के. पांडे ने अपने संबोधन में रामलीला के अभिनय कला को बहुत ज्यादा सराहा बाल कलाकारों के अभिनय को उन्होंने अलौकिक बताया ।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने रामलीला नाटक मंडली के संचालकगण एवं संरक्षक मंडल की सजगता पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं रामलीला के किसी भी सहयोग के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा यथासंभव उचित सहायता देने का वचन दिया। अश्वनी शर्मा ने आगे बोलते हुए कहा कि इस बार दशहरा उत्सव रावणभाटा में बहुत ही ज्यादा यादगार रूप से मनाये जाने का प्रयास नगर पालिका टीम कर रही है। कार्यक्रम के अंत में नंदकिशोर वैष्णव पार्षद शंकर वार्ड ने आभार प्रदर्शन किया। संदीप मल एवं देवनारायण शर्मा ने अध्यक्ष अश्वनी शर्मा से रामलीला के कार्य प्रणाली एवं सुधार के लिए जो शासन से संभव हो उस विषय में चर्चा की जिसे अध्यक्ष ने स्वीकार किया एवं आगे उस दिशा में कार्य करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में योगेश अनंत शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष भी पार्षदों के साथ उपस्थित रहे। तत्पश्चात डॉक्टर पूजा समीर भृगु ने आदर्श रामलीला नाटक मंडली के सभी कलाकारों को उपहार ज़ेंट कर सम्मानित किया।

# समूचा भाटापारा क्षेत्र शक्ति की भक्ति में डुबा, सड़क पर दर्शनार्थियों का रेला

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** समुचे भाटापारा नगर व देहात क्षेत्र में नवरात्रि पर्व धुम -धाम से मनाया जा रहा है। जिसके कारण शहर से लेक र गांव तक उत्सव जैसा माहौल नजर आने लगा है। 60 से अधिक सार्वजनिक दुर्गा उत्सव मंडप स्थल पर आकर्षक झाकी व माता के विभिन्न रूप क ो देखने बड़ी तादाद में लोग पहुच रहें है जिसमें महासती मंदिर दुर्गोत्सव की झाकी में प्रदर्शित, शिव विवाह की झाकी को देखने भारी भीड़ उमड़ रही है। वही नरसिंह विहार में प्रजापिता ब्रम्हकुमारी विश्वविद्यालय की प्रस्तुत चैतन्य झाकी लोगो को आकर्षित कर रही है । वही शहर के अलग - अलग हिस्सों में इस बार लगभग सात स्थानों पर गरबा का आयोजन हो रहा है। जिसे देखने हजारो दर्शक देर रात तक जुट रहें है। जिसमें सत्य नारायण धर्मशाला के सामने आयोजित गरबा उत्सव कल्याण क्लब प्रांगण में चल रहे गरबा उत्सव , रावणभाटा स्थल पर आयोजित गरबा नृत्य समारोह, माता देवालय सर्कस मैदान में चल रहें गरबा महोत्सव तथा लोकोत्सव मैदान एवं झुलेलाल मंदिर के पास चल रहें गरबा देखने लोग रात्रि जागरण कर रहें है शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के पेंड्री , टिकुलिया , खोलवा , कैथी , सुमा , देवरी , तरेंगा, ढाबाडीह, सिद्धबाबा धौराभाटा , बोड़तरा , मजगांव ,गोगिया चमारी , जरौद , खोखली , सेमरिया , मुढीपार , कोढापार , राजाढार , सुरखी , सुरजपुरा , दतरेंगा , दतरेंगी ,कड़ार , लेवई , कुम्हरखान, सहित अनेक गांव के ग्रामीण हजारों की संख्या में गांव से पैदल ही अलग - अलग स्वरूपों में विराजित मां दुर्गा के प्रतिमा व झाकी के साथ - साथ गरबा नृत्य देखने पहुच रहें है । इधर एतिहासिक व प्राचीन महत्व के मांवली माता मंदिर सिंगारपुर , महामाया मंदिर तरेंगा , जोगीद्वीप गुर्रा गांव , व सिद्ध काली पीठ सिद्धबाबा धौराभाटा व अघोर आश्रम में भी लोग भक्ति भाव की भावना से हजारों की संख्या में पहुच रहें है मांवली माता सिंगारपुर में तो दुर - दुर से पहुचे भक्तो के कारण दो से तीन किलोमीटर लंबी लाईन में श्रद्धालु भक्त लगे हुए है । इसी प्रकार सभी स्थानों पर देवी जस गीत ,भजन व अन्य धार्मिक आयोजन चल रहें है । इन सब के अलावा शहर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु सड़क मार्ग व रेल मार्ग के जरिये विभिन्न धर्म स्थल जिसमें मैहर सतना , डोंगरगढ चन्द्रपुर रायगढ , खल्लारी , बिरकोना , तुरतुरिया , झलमला बालोद , बेमेतरा , कवर्धा भोरमदेव ,बुचीपुर नांदघाट , रामपुर मदकुद्वीप , दंतेश्वरी दंतेवाड़ा , रतनपुर चैतुरगढ सहित अन्य धर्म स्थल की ओर भारी तादाद में जा रहें है जिसके कारण यात्री ट्रेनों में पैर धरने की भी जगह नहीं है वहीं सड़क मार्ग पर तीन दर्जन से अधिक चौपहिया वाहनों की निरंतर भारी बुकिंग आने से वाहनो का भी टोटा लगा है । अनेक श्रद्धालु टे्रन के जरिये वैष्णव देवी जम्मु कश्मिर , नाशिक वाराणसी सहित अन्य तमाम धर्म स्थल की ओर जा रहें है जिससे टे्रनो में भी भारी भीड़ का माहौल देखने को मिल रहा है। कुल मिलाकर शक्ति की भक्ति में पुरा शहर डुब चुका है।



## संक्षिप्त समाचार

### नांदघाट में माता की सेवा



**नांदघाट।** नव जागृति दुर्गोत्सव समिति बाजार चौक नांदघाट मे स्थापित प्रतिमा लगातार 53 वर्षो से एक ही स्थान मे माता जी की स्थापना करते आ रहे है और पूरे नांदघाट वासी सेवा मे जुटे रहते है। हर गाँव मे प्रायः कई स्थानों में माँ दुर्गा की स्थापना होती है किन्तु नांदघाट मे सिर्फ बाजार चौक मे ही स्थापित कर सेवा मे लगे रहते है।

### बुचीपुर में 1462 मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित

नांदघाट। सिद्ध शक्तिपीठ मां महामाया मंदिर बुचीपुर में 1462 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हो रही है दर्शनार्थियों का भीड़ प्रतिदिन बढ़ते जा रही है रात्रि में जस गीत व दिन में ज़ेजन भंडारा जारी है।

### रोहरा स्कूल में सायकल का वितरण



**भाटापारा।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रोहरा में आज शासन के द्वारा छात्राओं को सायकल का वितरण किया गया उक्त सरस्वती साइकिल वितरण योजना में जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला जनभागीदारी शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामकरण यदु ,मनराखन यदु स्कूल के प्राचार्य लखन लाल साहू रोहरा संकुल सेक्टर प्रभारी ओ पी लहरी एवं पूरे शिक्षक शिक्षिका बच्चे शामिल हुए।

### कोलिहा महामाया मन्दिर में आस्था के 70 ज्योति कलश प्रज्वलित



**भाटापारा।** ग्राम पंचायत कोलिहा में हर वर्ष की भांती इस साल भी कुंवार नवरात्र में मां महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना के 70 ज्योति कलश प्रज्वलित कराया गया है। जनपद सदस्य रामजी निषाद ने बताया कि पंचमी श्रृंगार के बाद भक्त गण अपनी मनोकामना को लेकर मांता रानी के दर्शन करने सुबह से रात्रि तक पहुंच रहे हैं महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं कि भिड़ उमड़ रहा है।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव

## लोकगायिका कंचन जोशी की प्रस्तुति में उमड़ी भीड़



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** नगर में पूरे उत्साह, श्रद्धा और भव्यता के साथ दशहरा उत्सव मनाया गया। प्रात: ग्राम देवता पूजन किया गया। शाम को अखाड़ा प्रदर्शन के बाद रावण दहन, रात्रि में कवि सम्मेलन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बारिश के बावजूद लोगों के उत्साह में कमी नहीं आयी। शाम को श्री राधाकृष्ण जमात मंदिर से निशान यात्रा निकली। महंत श्री बसंत बिहारी दास, नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी की अगुवाई में ढोल नगाड़ा के साथ बजरंग अखाड़ा उत्सव समिति कवर्धा द्वारा शौर्य प्रदर्शन करते हुए निशान यात्रा निकाली गई। जगह-जगह तलवार, चक्र, भाला, डण्डा चालन का प्रदर्शन किया गया। हजारों लोगों ने अखाड़ा प्रदर्शन के शौर्य को देखा तथा इसकी सराहना की। रथ पर भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता, वीर हनुमान की झांकी निकाली गई। दशहरा मैदान में रावण, मेघनाथ, कुंभकरण का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। बारिश के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। दशरहा मैदान में 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन अतिशबाजी के साथ किया गया। रात्रि में भारतमाता कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कवि सम्मेलन व लोक गायिका कंचन जोशी का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें हजारों की भीड़ जुटी। पूरा मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। कार्यक्रम का संचालन आशीष राज सिंघानिया, अनीश अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर विधायक ने कहा यह दिन सत्य की असत्य पर और नेकी की बुराई पर जीत का प्रतीक है। नगर व क्षेत्र की सुख, समृद्धि की कामना की। भारी भीड़ के बीच सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इस मौके पर राजेश ठाकुर, चंदन अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, अनिल सिंघानिया, घनश्याम सिंह राजपूत, मुन्ना सिंघानिया, राजेश सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, चंद्रशेखर राजपूत, घसिया निषाद, आदर्श जोशी, रामस्नेही नामदेव, नेहा भैया राम लहरे, चेतन सिन्हा, वीरेंद्र सिन्हा पार्षद, मनीष रात्रे, ओम पाल, राजेश राजपूत, पुन्नी तोरण यादव, हेमंत साहू, आशीष बंसल आदि उपस्थित थे।

# सेवा पखवाड़ा में रक्तदान शिविर लगाया गया



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थान खम्हरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित हो रहे सेवा पखवाड़ा में रक्तदान शिविर कार्यक्रम भाजपा मंडल खमरिया द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया गया। भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। रक्तदान करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष केशव पटेल, पारस योगी, सोनू शर्मा, वासु बैंस, रोहित भारती द्वारा रक्तदान किया गया। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रेमचंद कोटरानी, डॉ. मनीष ठाकुर, कुलेश्वरी साहू सिस्टर के मार्गदर्शन वह देखरेख में 20 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर, सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने बताया, रक्तदान महादान है। और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान कर सकता है। डॉ. प्रेमचंद कोटरानी ने बताया, कि एक नई रिसर्च के मुताबिक, नियमित रक्तदान करने से कैंसर अन्य गंभीर बीमारियों से भी बचा जा सकता है। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश ठाकुर, चंदन अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, केशव पटेल, घनश्याम सिंह राजपूत, आदर्श जोशी, राजेश सिंघानिया, सोनू शर्मा, वासु बैंस, पारस योगी, ओम पाल, गणेश पटेल, सेवाराम साहू, चितरेन साहू, रोहित भारती उपस्थित थे।

# बालको के रामलीला मैदान में विजयादशमी उत्सव धूमधाम से संपन्न



**बालकोनगर ।** विजयादशमी के पावन अवसर पर बालकोनगर के रामलीला मैदान में भगवान श्रीराम, माता सीता एवं हनुमान जी की भव्य झांकियों और रावण-दहन कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। पूजा-अर्चना की शुरुआत बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने की। इस अवसर पर सीईओ सहित बालको परिवार के अन्य सदस्यों ने भगवान श्रीराम की आराधना कर कंपनी और क्षेत्र की निरंतर प्रगति एवं समृद्धि की कामना की।

बालकोनगरवासियों ने बालको सार्वजनिक विजयादशमी समिति द्वारा आयोजित इस भव्य उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशाल रामलीला मंचन और रावण दहन का कार्यक्रम धर्म, सत्य और सद्गुणों की शक्ति के असत्य और अन्याय पर विजय का प्रेरणादायी प्रतीक बना। आकर्षक सजावट और नौ दिनों तक आयोजित रामलीला प्रस्तुतियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में बालकोनगर और आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु एवं दर्शक पहुंचे।





रामलीला मैदान में आयोजित यह सार्वजनिक विजयादशमी बालकोनगर की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान बन चुकी है। 44 वर्षों से यह आयोजन अपनी गौरवशाली परंपरा का उत्सव मना रहा है।

विजयादशमी उत्सव

# आपसी संवाद बढाकर समाज को संगठित करना है - डॉ पूर्णेंदु सक्सेना



## कार्यक्रमों में बतौर मुख्य वक्ता अखिल भारतीय स्तर के अधिकारी भी रहे मौजूद

**रायपुर।** आपसी संवाद बढाकर समाज को संगठित करना अपना कर्तव्य है . हिन्दू समाज में पहले आपस में संवाद की कमी के कारण विधर्मी 1200 वर्षों तक शासन करते रहे. अब संघ के शताब्दी वर्ष में समाज अभिसरण की योजना बना रहा है. उक्त बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र संघचालक डॉ पूर्णेंदु सक्सेना ने दीनदयाल नगर के डी डी नगर के दुर्गा गार्डन सेक्टर 2 में विजयादशमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा. उन्होंने संघ के सौ वर्ष की संघर्षशील और विकासशील यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि संघ अपने विविध कार्यक्रमों वृहद् गृह संपर्क अभियान, सामाजिक सद्भाव बैठक, युवाओं के कार्यक्रम, प्रमुखजन गोष्ठी के माध्यम से सम्पूर्ण हिन्दू समाज को संगठित करने का कार्य करेगा.

उन्होंने पञ्च परिवर्तन के बारे में बतलाते हुए कहा कि शताब्दी वर्ष के बाद प्रमुखजन के सहयोग से इन पांच कार्य - सामाजिक समरसता, कुटुंब-प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी जीवन-शैली और नागरिक कर्तव्य को अपने व्यवहार में उतारने का आग्रह करेगा. इस दौरान यहाँ मुख्य अतिथि रहे छत्तीसगढ़ी फिल्म के प्रसिद्ध निर्देशक सतीश जैन ने कहा कि यह संघ का प्लेटिनम इयर है.





साथ ही उन्होंने संघ की समाज में लोकप्रियता का उल्लेख किया. इस कार्यक्रम में प्रांत संघचालक डॉ टोपलाल वर्मा भी मौजूद थें.

वहीँ वीर सावरकर नगर के कबीरनगर बस्ती के कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता रहे अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख सुनील कुलकर्णी ने कहा कि संघ कार्य ने शताब्दी वर्ष पूर्ण किया है. यह 100 वर्ष का रास्ता आसान नहीं था , इसमें लाखों करोड़ों स्वयंसेवको का त्याग, तपस्या, बलिदान रहा हैं. उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन पर जोर देते हुए कहा कि पंच परिवर्तन से देश के अन्दर समाज में बेहद परिवर्तन देखने को मिलेगा. सभी हिन्दू समाज को एकजुट होकर देश निर्माण में आगे आना होगा तो निश्चित ही भारत विश्व गुरु बनने की राह पर चलेगा। यहाँ मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध किसान बुलाकी वर्मा मौजूद थें.

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रायपुर महानगर की कुल 21 बस्ती में हुआ पथ संचलन**

रायपुर महानगर के कुल 21 बस्तियों में विजयादशमी उत्सव मनाया गया तथा संचलन किया गया. इन बस्तियों में से महोबा बाजार में नगर सह संघचालक विवेक केसरवानी मुख्य वक्ता रहें. इसी प्रकार महामाई पारा में लवकुश तिवारी, चौबे कॉलोनी में अनिल जी डागा, चांगोरभाठा बस्ती में आकाशदीप गुप्ता, सुंदर नगर में उदय रावले, कमल विहार में एच एन पांडे, बुढ़ापारा बस्ती में संजय दुबे, प्रियदर्शनी नगर में महानगर प्रचारक मनोज कश्यप, राजेंद्र नगर में राजीवकांत, न्यू शांति नगर में राकेश जैन, गांधी चौक सड्डू में त्रिभुवन नारायण सिंह, देवेंद्र नगर सेक्टर 3 में जगदीश पटेल, रामनगर में श्री नकुल, दानवीर भामाशाह बस्ती में रमन तांडी, रावाभाटा में संतोष सिंह, विजयनगर में मनोज जी, सरोरा में राघव जोशी, गायत्री नगर बंजारी में राजेश भार्गव, रामकुंड में मनीष कश्यप ने मुख्य वक्ता के रूप में उद्बोधन दिया.



*संपूर्ण कार्यक्रम में वक्ताओं ने संघ की शताब्दी वर्ष की यात्रा में किये गए संघ कार्य को समाज और राष्ट्र निर्माण की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए पंच परिवर्तन को अपनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया। कई वक्ताओं ने संघ के सौ वर्षों की यात्रा को चार चरण की यात्रा का नाम दिया. इस चार चरणों में पहला चरण ङ्क 1925 से 1948 का उपहास और तिरस्कार का , दूसरा- 1948 से 1972 का दमन और अत्याचार का था, तीसरा-1971-2011 संघर्ष व आंदोलन का था. वहीँ चौथा, 2011 से अब तक को विजय ही विजय का नाम दिया.*

*आगामी 15 अक्टूबर तक बस्तीशः विजयादशमी का कार्यक्रम होता रहेगा. रायपुर महानगर के कुल 14 नगर के 131 बस्ती में गत 25 सितम्बर से पथ संचलन का कार्यक्रम हो रहा है.*

*पूरे रायपुर महानगर में कुल 1529 गणवेशधारी स्वयंसेवक शामिल हुए तथा समाज से 601 गणमान्य लोग उपस्थित हुए. सभी स्थानों पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही.*

# भगवान राम का जीवन मूल्य आज के समय की आवश्यकता है-शिवरतन शर्मा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के 106वें वर्ष के रामलीला मंचन में नवें दिवस पर अहिरावण वध एवं देवी लीला कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए। इस दौरान शिवरतन शर्मा ने सभी को शारदीय नवरात्रि की महानवमी एवं विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रामलीला का मंचन हमारी भारतीय संस्कृति की आत्मा है, ये केवल धार्मिक कथा का मंचन नहीं है, बल्कि संपूर्ण जीवन का दर्शन है। शर्मा ने कहा कि रामलीला के प्रत्येक पात्र में एक संदेश छिपा है और प्रत्येक प्रसंग हमें बताता है कि असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की सदैव विजय होती है। जब हमारे बच्चे और युवा रामलीला देखते हैं, तो वे धर्म, त्याग, सत्य, कर्तव्य और मयार्दा जैसे सनातन मूल्यों को आत्मसात करते हैं। शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रभु श्री राम का आदर्श जीवन हमें ये सिखाता है कि जीवन में कितनी भी विपरीत परिस्थितियां क्यों न हों, हमें अपने सिद्धांतों और वचनों का पालन करना चाहिए। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की त्रेता में अवतरित भगवान राम का जीवन मूल्य आज के समय की आवश्यकता है। भगवान राम का आदर्श भारत के सांस्कृतिक मूल्यों का




शिवरतन शर्मा ने नाटक मंडली के सभी पदाधिकारियों एवं सभी कलाकारों से ज़ेंट कर शानदार मंचन करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुनील यदु, पार्षद श्रेणीक गोलछा, पार्षद नंदकिशोर वैष्णव सहित नगर के गणमान्य जन बड़ी वृहद संख्या में उपस्थित थे।

**राजनांदगांव - डोंगरगढ़ को मिली नई सौगात**

# राजनांदगांव व डोंगरगढ़ में पर्यटक सूचना केन्द्रों का हुआ संयुक्त लोकार्पण

## विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह के करकमलों से हुआ लोकार्पण





**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की ओर से राजनांदगांव और डोंगरगढ़ को पर्यटन विकास की नई सौगात के तहत पर्यटन सूचना केंद्र मिला। आज 2 अक्टूबर 2025, गुरुवार को संध्या 6.30 बजे गौरव पथ स्थित चौपाटी, विश्राम गृह के सामने आयोजित समारोह में राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ में नवनिर्मित सूचना केंद्रों का संयुक्त शुभारंभ और लोकार्पण माननीय विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह जी ने किया ।

डॉक्टर रमन सिंह जी ने अपने संबोधन में कहा कि टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा ने अध्यक्ष बनते ही अपने संक्षिप्त कार्यकाल में उल्लेखनीय कार्य किया है,राज्य के पर्यटन विकास के लिए ये शुभ संकेत है।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए माननीय सांसद राजनांदगांव श्री संतोष पांडे जी ने कहा कि राजनांदगांव और डोंगरगढ़ में पर्यटन सूचना केंद्र की स्थापना से जिले सहित देशी विदेशी पर्यटक छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की जानकारी के साथ ही जिले की पर्यटन विशेषताओं से भी परिचित होंगे।

अति विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ श्री रमन डोंगरे,पूर्व विधायक श्री रामजी भारती व श्री विनोद खांडेकर,माननीय महापौर राजनांदगांव श्री मधुसूदन यादव, माननीय अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक श्री सचिन बघेल तथा अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के माननीय अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा ने अपने स्वागत भाषण और प्रतिवेदन





**माननीय सांसद संतोष पांडे और माननीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड नीलू शर्मा रहे उपस्थित**

में कहा कि इन सूचना केंद्रों की स्थापना से पर्यटकों को यात्रा मार्ग, ठहरने की सुविधा, धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों तथा स्थानीय कला-संस्कृति की जानकारी सहज रूप से मिल सकेगी। यह पहल जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी।

आयोजन में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की उपमहाप्रबंधक श्रीमती पूनम शर्मा,वरिष्ठ अधिकारीगण,जिले के जनप्रतिनिधियों सचिन गोलछा जी, खूब चंद पारख जी, कोमल सिंह राजपूत जी, पार्षद खेमिन यादव जी, मोना गोसाई जी, मणि भास्कर जी जी,रेणु मेश्राम जी, लता महोबिया जी, माधुरी जैन जी,मंजू साहू जी, संगीता शुक्ला,सुधा पवार, अनीता फ्रांसिस, और सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों और आम नागरिकों की व्यापक भागीदारी भी रही।

# राजा राम का हुआ राज्याभिषेक

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** श्रीरामहर्षण कुंज साजा में विजयादशमी पर्व पर राजाधिराज श्री राम का राजगद्दी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। उपस्थित संतों तथा भक्तों ने राजा राम का राजतिलक कर उन्हें सिंहासनारूढ़ कराया। छत्र, चॅवर, दण्ड से सुशोभित राज सिंहासन की छटा देखते ही बन रही थी। विभिन्न आयुधों की पूजा की गयी। राजा राम की यश, कीर्ति, शौर्य के पदों का गायन किया गया। राजा राम के जयकारे के साथ न्यौछावरी लुटायी गयी। महंत श्री वैष्णवदास जी ने कहा कि जिन्हें शौर्य, पुरूषार्थ की कामना हो वे भगवान राम के राजा रूप की छवि हृदय में धारण करें।



# रेल्वे साईडिंग में तीन बोगी पटरी से उतरी




**निपनिया।** आज सुबह क्लिंकर लोड गाड़ी न्यूवोको रेल्वे साईडिंग में बिलासपुर तरफ निकलने के लिए गेट के पास खड़ी थी । किसी कारण वश या कोई और गाड़ी साईडिंग में आने वाली थी इसलिए उसे पीछे तरफ न्यूवोको साईडिंग के लाईन नंबर एक पर गार्ड ड्राइवर को आदेश मिलने पर गाड़ी पीछे किया तो कुछ डिब्बे लाक पाइंट से निकलने के बाद एक एक कर तीन डिब्बे बेपटरी हो गया। गाड़ी के डिब्बे जैसे ही बेपटरी हुआ ड्राइवर को सूचना मिली तुरंत गाड़ी रोकी अन्यथा और बडी़ घटना हो जाता। 11 बजे केरिज स्टाफ अधिकारी गण आकर मौके पर जांच पड़ताल करने के बाद बोगी को कैरिज स्टाफ द्वारा बेपटरी हुई बोगी को पटरी पर खड़ा किया गया। डिरेलमेन्ट होने से साईडिंग में रैक का आवागमन प्रभावित हुआ जिससे रेल्वे को करोड़ों रुपये का मालभाड़ा का नुकसान हुआ। न्यूवोको रेल्वे साईडिंग से प्रतिदिन 5 रैक लोडिंग हेतु सोनाडिह प्लांट ज़ेजा जाता है प्रति रैक का माल भाड़ा लगभग 45 लाख रुपये रेल्वे को मिलता है। मालगाड़ी की रख रखाव पहले की अपेक्षा नही हो पा रहा है मेन लाईन मे कोयला रैक या सीमेंट रैक की स्थिति देख कर अंदाजा लगाया जा सकता है कई बोगी का दरवाजा लटकता मिलेगा व बिना दरवाजे का टीना पैकिंग कर लोड किया हुआ दिखाई देगा। क्षतिग्रस्त रेल लाइन का मरम्मत कार्य चल रहा है।

# चैतन्य झांकियों का इन्द्र साव ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

ब्यूरो चीफ पंकज शुक्ला

**भाटापारा।** नवरात्रि के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भाटापारा में चैतन्य झांकियो के प्रदर्शन का शुभारंभ विधायक इंद्र साव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने ध्यान केंद्र पहुंचकर वहां लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विदित हो कि नवरात्रि के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय केंद्र में चैतन्य देवियों की झांकी का प्रदर्शन 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक किया जा रहा है जिसका शुभारंभ विधायक इंद्र साव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विधायक श्री साव ने सेंटर में उपस्थित लोगों को नवरात्रि एवं इन चेतन्य देवियों की झांकी के लिए संस्थान से जुड़े सभी भाई दीदियों को बधाई दी।



उन्होंने इन झाकियों के लिए संस्थान के सदस्यों की मेहनत, लगन की सराहना करते हुए ध्यान में बैठी देवियों की आरती उतारकर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि दैवीय शक्ति का यह पर्व श्रद्धा,आराधना का पर्व है माता के भक्ति में डूबने और अपने जीवन को कृतार्थ कर जन कल्याण के कार्य करने में आने वाली अड़चनों को दूर करने के लिए इससे अच्छा अध्यात्म अवसर और कोई नहीं है। इस दौरान विधायक श्री साव ने केंद्र के ध्यान सेंटर पहुंचकर वहां लगी आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया । इस दौरान संस्था की राजयोग शिक्षिका बी के मंजू दीदी ने बताया कि आयोजन स्थल पर पूरे नगर के भक्त लोगो की भीड़ शाम 7.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक हर रोज लगी रहती हैं और यहां की झांकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस अवसर पर मुख्य रूप से आलोक मिश्रा, पार्षद भुवन ठाकुर, कृष्ण कुमार गुप्ता, रविंद्र जैन, जनकराम वर्मा ,जीत साव सहित श्रद्धालुजन भारी संख्या मे उपस्थित थे।

# पाटन में विभिन्न विकास कार्यों का शिवरतन ने किया लोकार्पण व भूमि पूजन

**भाटापारा।** ग्राम पाटन में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने लाखो रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन किया । इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि जनता की सुविधा एवं ग्रामीण क्षेत्रों की प्रगति सुनिश्चित हो इसी उद्देश्य से रविवार को ग्राम पाटन में बने पंचायत भवन, कुर्मी समाज भवन, रंगमंच एवं बाजार चबूतरा लोकार्पण एवं तालाब सौन्दर्यकरण का भूमि पूजन किया गया है। उन्होंने कहा हम समस्त ग्रामवासी और विधानसभा की जनता को आश्वत



करना चाहते है कि विधानसभा परिक्षेत्र में विकास कार्यों में कोई रुकावट नहीं होने देंगे जितना हो सकेगा विकास कार्य जन आवश्यकताओं के अनुरूप आवश्य कराएंगे साथ ही भाटापारा विधानसभा में शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्य सहित जन सुविधाओं के सतत विस्तार हेतु हम पूरी तरह कृत संकल्पित हैं। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की आज प्रदेश के युवा, महिला, किसान,व्यापारी को सशक्त बनाने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं, सड़कों का निर्माण, पर्याप्त प्रकाश व पेयजल व्यवस्था स्वच्छता,सौन्दर्यीकरण जैसे कार्य निरंतर हो रहें हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रामलीला में हरिश चन्द्र की भूमिका में कोमल ने खुब वाहवाही बटोरी



**भाटापारा।** स्थानीय आदर्श रामलीला नाटक मंडली में हरिश चन्द्र और तारा मति नाटक का मंचन किया। जिसमें कोमल शर्मा द्वारा हरिश चंन्द्र की निभाई भूमिका की । लोगो ने खुब सराहना की कार्यक्रम में आयुष तिवारी , शुभ केशरवानी , वेदांश सहित अन्य कलाकारों ने दर्शको से खुब वाहवाही बटोरी कार्यक्रम में राधेश्याम अग्रवाल , देवेन्द्र गुप्ता , सत्यनारायण यादव , रवि शर्मा , प्रशांत वर्मा , संदीप मल सहित पुलिस प्रशासन के हेमसागर , सिदार , तारेश साहू , प्रवीण मिंज , नरेश कांगे भी उपस्थित थे।

### भाटापारा में सड़क व नाला पर बेधड़क हो रहें है अवैध कब्जा

**भाटापारा।** शहर व ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों अतिक्रमण करने की होड़ लगी है। जिसकी जहां इच्छा हो रही है वह वहां दुकान , मकान , चबुतरा , दीवार , नाली बनाते जा रहा है नेहरू वार्ड में एक बड़ा नाला पर रातो - रात पक्का दुकान बनाकर लेंटर भी ढाल दिया गया है । लेकिन नगर मालिका प्रशासन इस ओर से बेसुध है साधन समान्न लोग इसी तरह प्रमुख सड़क , तालाब , नाली के ऊपर व किनारे बेखैफ होकर अवैध कब्जा कर रहे है ओवरब्रिज के नीचे भी बडें पैमाने पर कब्जा करने वाले सक्रिय है। वहीं समुचे शहर में बिना नक्शा पास कराए । कच्चे - पक्के निर्माण कार्य मरम्मत कार्य कराने वाले सैकड़ों की संख्या में अवैध कब्जा कर रहें है। जिसके कारण सड़क की चौड़ाई कम हो रही हे वहीं महत्वपूर्ण नाला तालाब , गौठान भूमि , श्मशान भूमि अवैध अतिक्रमण के कारण शहर के तस्वीर को निरंतर बिगाड़ रही है। इसी तरह नजुल तहसील राजस्व व लोक निर्माण विभाग की उदासीनता से महत्वपूर्ण सड़क जो कि नगर के अनेक हिस्सो से होकर जाती है। उस पर भी अतिक्रमण कारियो द्वारा चबुतरा , नाली निर्माण , दुकान निर्माण व बोरिंग कराकर घेरा कर लिये जाने से महत्वपुर्ण सड़क सकरा हो गया है। परिणाम स्वरूप आवागमन में भारी अवरोध उत्पन्न हो रहा है। नगर में एक भी ऐसी सड़क नहीं है जहां अवैध कब्जा न हो रेल्वे स्टेशन शहर थाना सदर बाजार पंचायती मंदिर , जय मंदिर ,महासती मंदिर होकर जाने वाली सड़क जो कि 1935 के रिकार्ड के अनुसार 120 फिट चौड़ी थी । वर्तमान में अवैध कब्जा धारियो की मेहरबानी से मात्र 40 से 45 फीट चौड़ी बची है। जनहित में शहर की तमाम सड़को को बिना किसी ज़ेद -भाव के अतिक्रमण से मुक्त कराना जरूरी हो गया है । ताकि लोगो को आवाजाही में सहुलियत हासिल हो सके एवं लोग यातायात जाम की स्थिति से निजात पा सके ।

### युवा कांग्रेस ने बिजली बिल हाफ योजना लागू करने सौंपा ज्ञापन

**भाटापारा।** प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस आकाश शर्मा के आदेशानुसार युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोहन निषाद के नेतृत्व में बिजली ऑफिस के सामने घरेलू बिजली बिल हाफ योजना भाजपा सरकार द्वारा बंद किये जाने के विरोध में बिजली बिल जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया । राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौपा गया घरेलू बिजली पर पुनः हाफ बिजली बिल



योजना लागू करने व कृषि पम्पो को 24 घंटे बिजली दिए जाने की मांग की गई । कनिष्ठ यंत्री पुनीत शुक्ला को ज्ञापन दिया गया । कांग्रेस अध्यक्ष मोहन निषाद ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में कांग्रेस सरकार ने आमजनों को राहत देते हुवे घरेलू बिजली बिल में हाफ योजना लागू किया था जिसे तानाशाही रवैय्या अपनाते हुवे भाजपा सरकार ने घरेलू बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दिया जिससे आमजनों के घर का आर्थिक स्थिति में परेशानी उत्पन्न हो गया है। बिजली बिल बहुत अधिक आने से घरेलु खर्च में परेशानी आ रहा है ।

# लंका दहन सहित विभिन्न पात्रों का मंचन रामलीला में जारी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के 106 वर्ष के सातवें दिन सम्पाति संवाद, लंका दहन की लीला मंच से दिखाई गई । शानदार फायर मशीन के उपयोग कर बनाया गया लंका जलने के दृश्य व भगवान श्रीराम जी की मंगलमय आरती में नगर के धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आरती एवं पूजा अर्चना की। जिसमें यज्ञ आयोजन समिति, जय ज़ेले कांवरिया संघ, पंचमुखी हनुमान सुंदरकांड समिति, संगीतमय सुंदरकांड समिति, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के प्रतिनिधि मौजूद रहे। रविंद्र शर्मा यज्ञ आयोजन समिति ने अपने संबोधन में 106 वर्ष तक लगातार चलने वाले आयोजन




को अद्भुत बताया एवं सहयोग के लिए सहर्ष तैयार रहने की बात कही जय । ज़ेले कांवरिया संघ की तरफ से श्री रवि गुप्ता ने कहा बाल कलाकारों के द्वारा लंबे-लंबे संवादों का बिना रुके बोलना यह अद्भुत लगता है। राजेश उपाध्याय ने कहा कि रामलीला मंडली लगातार विकास की राह में चले और आने वाली पीढ़ी को एक अच्छी परंपरा दे। रामलीला संरक्षक अनिल चांडक ने कहा कि आने वाले 2 वर्षों पश्चात इस रामलीला का 108 वां वर्ष होगा जिसका अर्थ एक माला के 108 मनके पूर्ण हो जाएगी। उन्होंने नागरिक जनों से भी संस्था से लगातार सहयोग करने की बात कही पंडित प्रकाश शर्मा ने रामलीला के अपने पुराने दिनों को याद करते वर्तमान में बहुत अच्छे ढंग से मंचन करने के लिए आयोजक समिति और कलाकारों को बधाई दी ।आरती में प्रमुख रूप से ब्रजकिशोर अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, पंकज साहू, पुरुषोत्तम श्रीवास, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पंचू ज़ैया उपस्थित रहे । कार्यक्रम में संजय जोशी,श्रीमती अर्चना जोशी, राजेश अग्रवाल, अलका अग्रवाल, देवतोष दत्त, सीमा दत्त, तृप्ति कोशरिया, रामनारायण तिवारी, आदित्य विक्रम जोशी जैसे स्कूल के प्राचार्य, बैंक मैनेजर, उद्योग जगत के लोग उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त समाचार

### बीईओ रामजी पाल का रायपुर तबादला

**भाटापारा।** ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामजी पाल का तबादला रायपुर किया गया है अवर सचिव छत्तसगढ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी स्थानांतरण सुची में रामजी पाल को सहायक संचालक , कार्यालय लोक शिक्षण संचालनालय , नवा रायपुर में पदस्थ किया गया है। उनके रिक्त स्थान पर फिलहाल नये नियमित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति नहीं की गई है।

### खपराडीह में कन्या भोज सम्पन्न

भाटापारा। शहर सीमा से लगे ग्राम खपराडीह के महामाया देवी मंदिर में मंगलवार अष्टमी के दिन कन्या भोज का आयोजन किया गया उक्त कार्यक्रम में संरपच ज्ञानचंद नेम, राजेन्द नेम, उदल सिंहनेम , पांडा भाई व राजेश ध्रुव , धनुष ध्रुव , शेखर ध्रुव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। कार्यक्रम में करण सेन भी शामिल हुए



### रास गरबा नृत्य महोत्सव में इन्द्र साव शामिल हुए

भाटापारा। क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक इन्द्र साव गरबा महोत्सव में शामिल हूए इस दौरान उन्होने कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति, भक्ति और संस्कारों का पर्व है। यह हमें अन्याय और अधर्म पर सदैव धर्म और सत्य की विजय का अहसास दिलाता है। वही गरबा सिर्फ नृत्य और संगीत ही नही बल्कि हमारी संस्कृति, हमारी परम्परा, हमारी आस्था का प्रतीक हैं। विधायक साव ने रावण भाठा दशहरा मैदान में, हिन्द युवा दुर्गा पूजा उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित् रंगीला रास गरबा नाइट का, माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया,वही नारायणी नवल धाम में आयोजित गरबा कार्यक्रम में शामिल होकर लोगो को संबोधित किया। इस अवसर पर साव ने माता से क्षेत्र में सुख शांति अमन चैन का आशीर्वाद मांगते हुए मंगल कामना की। वही उन्होंने आयोजकों से इस प्रकार का आयोजन नगर में करने की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।




# संघ के शताब्दी वर्ष का शंखनाद महाकाल बस्ती से

**भाटापारा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस वर्ष अपने 100वे वर्ष में प्रवेश कर रहा है नगर के नगर कार्यवाह रविंद्र शर्मा ने बताया इस शताब्दी वर्ष का शंखनाद नगर के महाकाल बस्ती के पथ संचलन से प्रारंभ हुआ यह पथ संचलन नगर के कृष्णा नगर कॉलोनी से प्रारंभ होकर विभिन्न बस्तियों का भ्रमण करते हुए नगर भवन में समाप्त हुआ। इस शताब्दी वर्ष शंखनाद संचालन में नगर संघचालक संतोष पाण्डेय व मुख्य वक्ता के रूप में परिचय मिश्रा जिला महाविद्यालय छात्र कार्य प्रमुख रहे साथ ही संचालन के पश्चात महाकाल बस्ती के एकत्रीकरण मे भी उपस्थित नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।



# राम सप्ताह चौक की भजन संध्या में शामिल हुए शिवरतन शर्मा

**भाटापारा।** शहर मे अलग - अलग 60 स्थान पर स्थापित सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति द्वारा विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमें बिती रात्री राम सप्ताह चौक के पास स्थापित दुर्गोत्सव समिति द्वारा श्याम रस , कीर्तन एवं संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से वरिष्ठ बीजेपी नेता शिवरतन शर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होने शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान देवी माता की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के लिए सुख- समृद्धि की कामना की कार्यक्रम के दौरान नागपुर से आये भजन गायक निहारिका पुरोहित एवं खरोरा के भजन गायक आर्यराम शर्मा ने अपने मधुर भजन के जरिये लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में समाजिक , धार्मिक व राजनितीक क्षेत्रो से जुड़े लोगो के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रातः 3 बजे तक चलते रहा जिसमें तमाम भक्त भक्ति रस में डुबे हुए भजनों का आनंद लेते रहे।



# नवरात्रि पर्व पर भव्य आरती और सामूहिक भाजपा प्रवेश

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नवरात्रि पर्व पर ग्राम खपरी एस स्थित शिव मंदिर प्रांगण में साहू समाज नवयुवक दुर्गोत्सव समिति द्वारा माँ दुर्गा की भव्य आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सम्मिलित हुए और विधिवत पूजा-अर्चना कर ग्राम वासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। इस अवसर पर मोदी सरकार एवं विष्णुदेव साय की जनकल्याणकारी नीतियों और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के नेतृत्व से प्रभावित होकर युवा नेता रोहित साहू के नेतृत्व में लोगों ने



भाजपा प्रवेश किया जिसमे नरेंद्र सेन, बृजेश निषाद, मीत साहू, केशव साहू, ग्राम सरपंच धनेंद्र यादव, जनपद प्रतिनिधि दीपक नेताम, संतोष साहू, रूपराम साहू अध्यक्ष साहू समाज, सुरेंद्र ठाकुर, आतुराम ध्रुव, युवराखन साहू, दौलत साहू, रामेश्वर साहू, खोमेश साहू, जेलाराम साहू, पिलाराम साहू, चंद्रशेखर साहू, रंजीत साहू, बुधराम साहू, दिलीप साहू, रेवाराम साहू, विशम्भर यादव, सोहन यादव, लीलाराम यादव, द्वारिका ध्रुव, मालिक राम साहू, गोकुल साहू, पिलाराम साहू, धनेश राम साहू और पंच राम बैगा एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# नवरात्रि समाप्ति पर विशाल भंडारे का आयोजन



**भाटापारा।** ज्योति कलश दुर्गा उत्सव महिला मंडल समिति नयापारा वार्ड के द्वारा भक्तों ने माता जगदंबा का प्रसाद ग्रहण किया नवरात्रि पर्व के समापन पर माता शैलपुत्री दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की गई। व्रत पूर्ण होने के बाद नौ देवियों को आमंत्रित कर कन्या ज़ेज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल के अध्यक्ष सतरूपा गणेश ध्रुव ने कहा यह परंपरा सृष्टि के प्रति सम्मान और माता रानी की कृपा से सभी कष्टों के निवारण का संदेश देती है। श्रीमती सतरूपा ध्रुव ,सचिव रामेश्वरी रजक,संगीता ध्रुव,बम्लेश्वरी ध्रुव,कुंती ध्रुव,तीजन ध्रुव ,सावित्री ध्रुव ,सुशीला रजक,रोहणी रजक,मंजू ध्रुव,कुमारी देवांगन,अन्य समूह के सदस्य राधिका,कुमारी ,शीला,ममता, द्रौपदी,कलावती सेन,सरस्वती, वर्षा,ऋतु,एवं वार्ड के समस्त महिला ,बालिका एवं युवाओं द्वारा भंडारा कार्य को सम्पन्न किए गया खास बजरंग सेना का सहयोग रहा।

# कन्हैया साहू को बाल साहित्य सम्मान मिला



**भाटापारा।** शिक्षक और उभरते हुए बाल साहित्यकार कन्हैया साहू अमित को उनके बालगीत संग्रह बचपन सतरंग के लिए संत शिरोमणि कबीर स्मृति बाल साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। कन्हैया साहू अमित छत्तीसगढ़ी और हिंदी भाषा में बाल कविता, बालगीत, बाल पहेलियाँ और बाल कहानी आदि का सृजन कर रहे हैं। उनकी इस अंतरराज्यीय उपलब्धि ने उन्हें बाल साहित्य जगत में एक प्रमुख उभरते हुए रचनाकार के रूप में स्थापित किया है। इसके साथ ही शिक्षक दिवस के अवसर पर उन्हें राज्य शिक्षक पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। पूरे देश से प्राप्त सत्तर प्रविष्टियों में चयन समिति ने उत्कृष्टता के आधार पर विजेताओं का चयन किया। प्रदेश प्रभारी डॉ. बालकृष्ण पांडेय और अन्य प्रतिनिधियों ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल हिंदी साहित्य सभा की राष्ट्रीय महासचिव नरगिस अली फातिमा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति सुधीर नारायण उपस्थित थें। विशिष्ट अतिथियों में प्रमोद बंसल, लायन उमेश चंद्र कक्कड़ और प्रा. डॉ. संजय खड़से शामिल हुए।

# चाकू दिखाकर लोगों को भयभीत करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भाटापारा।** हथनीपारा वार्ड में आने जाने वाले लोगों को धारदार चाकू लेकर एक युवक द्वारा डराया धमकाया जा रहा था जिसकी सुचना नागरिकों ने समाधान सेल में दी जिस पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तथा आरोपी से एक धारदार चाकू जब्त किया गया है। थाना प्रभारी प्रवीण मिंज ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है जिसकी सहायता से किसी प्रकार की भी सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज हथनीपारा मुहल्ले में धारदार चाकू दिखाकर लोगों को भयभीत करने वाले 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी प्रकाश साहू को हिरासत में लिया गया तथा आरोपी से एक धारदार चाकू जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा शहर में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर, आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# माचाभाट में आदर्श रामलीला

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** ग्राम माचाभाट मे निरंतर 20 वर्षो से चली आ रही परंपरा अनुसार आदर्श रामलीला मंडली का मंचन आज भी मंडली द्वारा किया जा रहा है । अपने संस्कृति धरोहर को बनाये रखने के लिये भगवान राम के चरित्र पर आधारित राम लीला का मंचन किया जा रहा है ।माचाभाट मे रामलीला 28 अगस्त से प्रारम्भ है जिसमे प्रथम दिवस रावण अत्याचार, राम जन्म द्वितीय दिवस मुनि आगमन ,तड़का वध तृतीय दिवस धनुष यज्ञ, राम विवाह, लक्ष्मण परशुराम संवाद चतुर्थ दिवस सीता हरण जटायु मरण पंचम दिवस शबरी नवधा भक्ति , बाली वध लंका दहन के साथ अंतिम



दिवस कल गुरुवार को दशहरा रावण वध का कार्यक्रम संपन्न होगा । राम लीला मंडली मे 20 वर्षो से लक्ष्मण का अभिनय यूट्यूबर रवि शर्मा के द्वारा किया जाता है साथ मे परशुराम और विश्वामित्र का अभिनय ग्राम सरपंच परमेश्वर यदु द्वारा किया जाता है ।

# महावीर चौक की मातारानी का शोभायात्रा के साथ किया विसर्जन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** शारदीय नवरात्र के समापन अवसर पर ग्राम बरगा के महावीर चौक बजरंग पारा में स्थापित मातारानी की प्रतिमा का विसर्जन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। परंपरागत छत्तीसगढ़ी संस्कृति के अनुसार गुदुम बाजा की गूंज और भक्तिमय वातावरण में विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। माताजी विसर्जन से पूर्व मातारानी की प्रतिमा को गांव के प्रमुख मार्गों संतोषी चौक, पुराना बाजार चौक, गौठान पारा, बस स्टैंड, पटेल पारा सहित विभिन्न गलियों से भ्रमण कराया गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने माता की आरती उतारी और दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात माता को नदी किनारे ले जाकर विसर्जन किया गया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। माता की विदाई के क्षण भावुक दृश्य देखने को मिले। ग्रामीणों ने पारंपरिक गीत-संगीत के साथ माता को विदाई दी। इस अवसर पर धर्मेन्द्र वर्मा, राजेश तिवारी, मुकेश वर्मा, राजेश वर्मा, डोमार वर्मा, पुनाराम वर्मा, अजय वर्मा, रामदयाल निर्मलकर, लक्की वर्मा, विजय वर्मा, अशोक वर्मा, राजा अंगिरा, पंकज निर्मलकर, गोलू साहू, सम्मन वर्मा, दादु वर्मा, गनपत वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# थाना परिसर में पुलिस जवानों ने शस्त्र पूजन किया



**थान खम्हरिया।** विजयदशमी के पावन अवसर पर प्रतिवर्षा अनुसार थाना परिसर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी चंद्र देव वर्मा के उपस्थित, में आयोजन किया गया। विधि विधान के साथ शस्त्रों की पूजा अर्चना की गई। शस्त्र पूजन के माध्यम से सुरक्षा और न्याय की कामना की गई। यह आयोजन विजयदशमी के पावन अवसर पर समाज में शांति सोहाद्र को बढ़ावा देने को उद्देश्य किया जाता है। पुलिस द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सभी हथियारों को सजाया जाता है। इनकी प्रदर्शनी लगाई जाती है। यह एक नियमित परंपरा है, जिससे प्रत्येक दशहरा के दिन निभाया जाता है। इस मौके पर पूरा स्टाफ मौजूद थे।

# मोपर में कवि सम्मेलन संम्पन्न



**भाटापारा।** शहर से 13 किलोमीटर दुर ग्राम मोपर में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें क्षेत्र के कवि अजय साहू ,अमृतांशु ने अपनी हास्य रचना से ग्रामीण श्रोताओं को लंबे समय तक बांधे रखा वही नरेंद्र वर्मा अरमान नवापारा हथबंद के कवि ने समसामयिक,हास्य/ व्यंग्य से लोगो को खुब हसाया कौशल साहू ग्राम सुहेला के द्वारा हास्य व्यंग्य प्रस्तुत किया गया वही डॉ. तुलेश्वरी धुरंधर अर्जुनी द्वारा श्रृंगार छंद रस से ओतप्रोत रचना प्रस्तुत की गई। सुरेन्द्र कुमार केंवट सेमरिया लवन ने हास्य व्यंग्य प्रस्तुत किया जगदीश साहू कड़ारभाटापारा द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया सम्मेलन में बाल कवयित्री कु.हीरा साहू कड़ार ने भी दर्शको व श्रोताओ से खुब वाहवाही बटोरी राज गुप्ता द्वारा प्रस्तुत कविता को भी लोगो ने सराहा कार्यक्रम में कुश कुमार साहू मोपर पुष्पराज निषाद पुहुप मोपर ,सुगम अनंत सतरंगी डिग्गी निवासी ने भी काव्य पाठ प्रस्तुत किया कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र में होने के बावजुद देर रात तक चलते रहा उपरोक्त अवसर पर ललिता दौलत साहू , फत्ते लाल , संजीव कुमार साहू , श्यामरतन लहरी,प्रीतमदास मानिकपुरी, मुरलीधर यदु ,आर.पी.,डोमार ,निर्मल यदु,अजय , गंगेश्वर ,टिकम , लेखराम , भानु, नकुल , डोमार ,गोविंद, डाकेश्वर,धीरज,भानु,, भूपेंद्र, टीका, यशवंत, लकेश्वर, शुभम, शत्रुघ्न, प्रवीण, सरोज, अमित , अर्जुन, रिंकू, मुकेश,राजेश, टाकेश्वर,मनीराम,देव निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# भाटापारा में 40 फुट के रावण दहन का भव्य कार्यक्रम हुआ



**भाटापारा।** शहर में गुरूवार को लंका पति रावण का 40 फीट ऊंचा पुतले का दहन किया गया । बरसात होने की वजह से पुतले को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर रखा गया था। 40 फीट ऊंचे रावण पुतले के दहन को लेकर लगभग 20 हजार लोग दशहरा मैदान में शामिल हुए। प्रशासनिक व्यवस्था व कानून व्यवस्था बनाये रखने पुलिस बल को काफी मशक्कत करनी पड़ी भाजपा के प्रादेशिक नेता शिवरतन शर्मा एवं पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के साथ प्रशासन की ओर से अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक हेम सागर नगर रिरिक्षक प्रवीण कुमार मिंज सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने रावण दहन स्थल में उपस्थित होकर रावण दहन कार्यक्रम संम्पन्न कराया। आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने व साफ - सफाई पार्कि ंग की व्यवस्था तथा रावणभाटा मैदान के अंदर प्रकाश व्यवस्था बेहतरीन थी । इस वर्ष नगर पालिका द्वारा आयोजन के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था की गई थी।

# अचानक हुई बारिश से खेत में तैयार फसल को नुकसान हुआ

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर में बुधवार शाम को अचानक हुई बारिश से लोग तरबतर हो गए । न चाहते हुए अचानक हुई बारिश से जहा एक ओर मंडी रोड की जर्जर सड़क पर जल भराव होने से लोगो को आवाजाही मे दिक्कतों का सामना करना पड़ा वही कुर्मी बोडिंग के सामने मंडी की सड़क ज्यादा खराब स्थिति में होने के कारण वहा पर जल जमाव से लोग परेशान होते रहे इस बीच शहर सीमा से लगे अनेक खेतो में अचानक हुई बारिश के कारण पानी की मार से तैयार हो रहे धान की फसल को नुकसान पहुंचा है। व खेत में तैयार धान की फसल पानी की वजह से सो गया है ।वही अधपकें फसल मुस्तैदी के साथ खेत पर खड़े है इधर बेमौसम बारिश से अंतिम दिन दुर्गा विसर्जन की तैयारी में जुटे लोगो को भी परेशानी से दो - चार होना पड़ा है । शहर के लगभग 60 से अधिक स्थानों पर बैठाये गये सार्वजनिक दुर्गा मंडपों में पानी का असर हुआ व लोग पंडाल में आये पानी को निकालने में व्यस्त रहें वही अनेक स्थानों पर आयोजित ज़ेग - भंडारा व कन्या ज़ेज समारोह मे भी बरसात का असर देखने को मिला।

# चिकित्सक मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए सहृदयता से मरीजों की देखभाल करें- कलेक्टर

## टीबी पीड़ित परिवार के प्रत्येक सदस्यों की सतर्कता के लिए करें स्वास्थ्य परीक्षण - कलेक्टर

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया



**बेमेतरा ।** कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने गत दिवस स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में विभागीय की अति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समुचित स्वास्थ्य की देखभाल सुनिश्चित करना आवश्यक है। कलेक्टर ने बेहद गंभीरता से कहा कि चिकित्सक संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मानवीय संवेदना के साथ सहृदयता से मरीजों का उपचार करें। उन्होंने कहा कि मरीजों की समस्याओं को शिद्दत के साथ सहानुभूति पूर्वक सुनकर उपचार करें। सभी चिकित्सक हमेशा सजगता का परिचय देवें। अपने व्यवहार को नम्र रखें। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सालय नीयत समय में संचालित हो, सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने बैठक में टीबी, जैसी घातक बीमारी को जड़ से खत्म करने एवं जिले में संपूर्ण उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान में सभी को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के अपील की। उन्होंने जिले में इसे जड़ से खत्म करने के लिए जनसहभागिता सुनिश्चित करने कहा। जिले के विभिन्न वर्गों, समूहों को अभियान से जोड़कर निक्षय मित्र बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत शासन द्वारा कुष्ट और टीबी के उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने एनटीईपी (राष्ट्रीय ट्यूबरक्लोसिस उन्मूलन कार्यक्रम) के तहत निक्षय मित्र , पोषण किट वितरण पर ध्यान देते हुए टीबी से पीड़ित लोगों के घर के सभी लोगों की टीबी की एहतियातन हेतु जांच करने एवं सभी संभावित मरीजों की एक्स रे द्वारा जांच अवश्य कराने के निर्देश दिए।

**शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच एवं संस्थागत प्रसव बढ़ाने पर जोर**

**सामाजिक सरोकार से होगा टीबी एवं कुष्ठ उन्मूलन, निक्षय मित्र बनने कलेक्टर ने की अपील**

कलेक्टर श्री शर्मा ने शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पहले ट्राइमेस्टर से पंजीयन कर सभी चार एएनसी जांच नियत समय पर करवाने कहा। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र वार समीक्षा करते हुए संस्थागत प्रसव की जानकारी ली और उच्च जोखिम वाले प्रसव को छोड़कर सभी प्रसवों को संस्थागत रूप से कराने के निर्देश दिए। प्रसव सुविधा 24 घंटे मिले यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आरएचओ एवं सीएचओ को केंद्र के समीप निवास करने निर्देशित किया। उन्होंने सभी बीएमओ को निर्देशित किया कि कर्मचारियों अपने गांव के समुदाय में शामिल होकर महिलाओं को विभिन्न विषयों के प्रति जागरूक करें। इसके लिए उन्होंने गांव के जनप्रतिनिधियों, सचिव, महिला स्व सहायता समूहों को भी इसमें शामिल करने कहा। कलेक्टर ने बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण एवं सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने सभी सेक्टर सुपरवाइजरों को हर शनिवार समीक्षा बैठक लेकर योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन करने एवं सभी कार्यों की ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों का वय वंदना योजना के अंतर्गत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं की विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कमजोर प्रदर्शन करने वाले केंद्रों के प्रभारियों से धरातल स्थल पर व्याप्त समस्या की जानकारी लेते हुए उन्हें पूर्ण क्षमता से कार्य कर प्रदर्शन सुधारने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सीकलसेल जांच पर विशेष ध्यान देते हुए सभी ग्राम पंचायत स्तर पर सघन प्रचार प्रसार व जागरूकता लाने बीएमओ के निर्देश दिए । सभी बीएमओ को अपने स्वास्थ्य केंद्रों की समीक्षा कर स्वास्थ्य सुविधा सुदृढ़ करने के भी दिए निर्देश। बैठक में एसडीएम नवागढ़ व साजा,दिव्या पोटई , हर्षलता वर्मा , सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर, सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू,जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी एल राज, डीपीएम सुश्री लता बंजारे, जिला चिकित्सालय अस्पताल कोऑर्डिनेटर डॉ स्वाति यदु ,सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी,सभी ब्लॉक के बीएमओ, बीपीएम के साथ ही कार्यालय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूजा पंडालो में पहुंचे विधायक ईश्वर साहू, दर्शन किए

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** नगर के विभिन्न दुर्गा पंडालो में साजा विधायक ईश्वर साहू ने आदि शक्ति मां जगदंबे की दर्शन और पूजा अर्चना कर, क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। दुर्गा समिति के सदस्यों द्वारा विधायक को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।



नवदुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड में ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के छात्राओं के द्वारा डांडिया नृत्य का आनंद लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्र वासियों से भेट कर शारदीय नवरात्रि के बधाई दी। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, परमेश्वर वर्मा, राजेश ठाकुर, चंदन अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, सुरेश सिंघानिया, प्रमोद सिंघानिया, कमल किशोर शर्मा समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

# महिला जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पतियों के हस्तक्षेप पर कांग्रेस पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** नगर पंचायत की बैठकों एवं कार्यों में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों की जगह उनके पतियों के हस्तक्षेप और उपस्थित होने के मामले पर कांग्रेस के पार्षद विरेन्द्र सिन्हा, करीम बेग व नरेश पाटिल ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सतीश यादव को ज्ञापन सौपा गया




कांग्रेस पार्षदों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि वर्ष 2010 में शासन द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए थे कि निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की जगह उनके पति या परिजन बैठक में शामिल नहीं हो सकते और न ही निर्णय प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर सकते हैं। इसके बावजूद नगर पंचायत क्षेत्र में कई स्थानों पर यह परिपाटी देखने को मिल रही है, जो शासन के निर्देशों और लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है।

पार्षदों ने मांग की कि नगर पंचायत अधिकारी इस प्रकरण पर गंभीरता से संज्ञान लें और तत्काल प्रभाव से हस्तक्षेप करने वाले व्यक्तियों पर रोक लगाएं। साथ ही भविष्य में यदि किसी बैठक में निर्वाचित महिला प्रतिनिधि की जगह उनके पति या परिजन उपस्थित होते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

कांग्रेस पार्षद विरेन्द्र सिन्हा ने इसे महिलाओं की राजनीतिक पहचान और सम्मान से जुड़ा विषय बताते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता ने महिलाओं को प्रतिनिधि चुनकर उनका अधिकार सुनिश्चित किया है, ऐसे में परिजनों का हस्तक्षेप किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। अब यदि सीएमओ द्वारा उचित कार्रवाई नहीं किया जाता तो उच्च अधिकारियों से इसका शिकायत किया जाएगा।

# भाटापारा मंडी में नई फसल का पहला महामाया धान लेकर पहुंचे किसान का शाल व श्रीफल से स्वागत किया गया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बड़ी कृषि उपज मंडी प्रांगण में नई रबी फसल चक्र का पहला नया महामाया धान बिक्री के लिए भाटापारा मंडी प्रांगण पहुंचा। नया महामाया धान लाने वाले किसान अशोक ग्राम संडी तहसील पलारी का स्वागत शाल व श्रीफल से मंडी सचिव चुन्नीलाल ध्रुव ने किया। इस तरह नये धान की आवक का सिलसीला प्रारंभ हो गया है। नये धान लेकर पहुचे ग्राम संडी निवासी अशोक कुमार द्वारा 70 कट्टा



धान को बोली द्वारा सर्वोच्च 2475 रूपये में ऊंची बोली लगाकर खरीदा गया। हालांकि नये धान में कुछ मात्रा अभी भी नमी की है लेकिन आने वाले दिनों में सुखा धान आने की उम्मीद व्यापारी व अभिकर्ताओं ने प्रकट की है। भाटापारा क्षेत्र में स्थित लगभग 300 पोहा मिलों के लिए महामाया धान की खरीदी बड़े पैमाने पर की जा रही है। नये धान लेकर इस साल पहली बार पहुंचे किसान का अभिनंदन मंडी प्रशासन की ओर से किया गया उक्त अवसर पर सत्यनारायण यादव , अरूण वर्मा , गोविंद कश्यप सहित अन्य कर्मचारी ,व्यापारी , किसान व अभिकर्ता उपस्थित थे। ईधर शनिवार को मंडी प्रांगण में एक बार फिर धान की बंपर आवक हुई । जिसमें 23 हजार से अधिक बोरा धान बिक्री के लिए दुर - दराज से आये किसानों ने मंडी प्रांगण में अपनी उपज को बेचा जिसका उन्हें भरपुर भाव व लाभ मिला । मंडी प्रांगण में महामाया नया धान के अलावा पुराना महामाया धान 2524 रूपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया वहीं महामाया ईनेम 2501 रूपये प्रति क्विंटल पर बिका सरना धान 2034 रूपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया वही मोटा मिक्स धान 1960 रूपयें प्रति क्विंटल पर बेचा गया । गेंहु 2400 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका वही चना ईनेम 5215 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया चना सामान्य 5286 रूपयें प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया । तिवरा 3190 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बिका । वहीं धनिया की भी भरपुर आवक हुई और यह 7530 रूपयें प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया मंडी में बटरी ईनेम 3661 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया । वहीं बटरी सामान्य 3526 रूपयें प्रति क्विंटल से बिका। मंडी प्रांगण अन्य उन्हारी जिंसो की भी आवक हुई ।

## संक्षिप्त समाचार

### मांदर झांझ की थाप के साथ दुर्गा माता की बिदाई



**निपनिया।** आजाद दुर्गोत्सव समिति द्वारा स्थापित दुर्गा माता रानी का पूरी निष्ठा श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना कर विसर्जन झांकी गाजे बाजे व सेवा मंडलियों के साथ नाचते गाते निपनिया बस्ती में भ्रमण कराया गया जगह जगह माता भक्तों ने पूजा अर्चना कर माता रानी को नम आँखों से बिदाई दिए। जगह जगह भव्य आतिशबाजी एवं प्रसादी वितरित किया गया। माता रानी का शिवनाथ नदी में विसर्जन किया गया। विसर्जन झांकी में आजाद दुर्गोत्सव समिति के सदस्य व महिलाएं व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### रावण का बल और बुद्धि भी प्रभु राम के आगे नहीं चल पाई - विधायक इन्द्र साव

**भाटापारा।** कांग्रेस विधायक इन्द्र साव विजयदशमी पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उन्होने रावणभाठा स्थित दशहरा मैदान के मुख्यमंच से नगर वासियों और क्षेत्रवासियो को विजयादशमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि अहंकार और घमंड कभी नहीं करना चाहिए । रावण की बल और बुद्धि भी प्रभु राम के आगे नहीं चल पाई। उन्होने कहा कि वे रावण भाटा स्थित दशहरा मैदान पर रामलीला के कलाकारों द्वारा राम रावण युद्ध की लीला देखने और भगवान श्री राम के अग्निबाण से रावण के वीरगति को प्राप्त होने पर उपस्थित हजारों लोगो के बधाई एवं शुभकामना देने आये है। विजयादशमी का ये पर्व हमे सच्चाई, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलते हुए बुराई पर अच्छाई की विजय पाने की प्रेरणा देता है। भगवान श्री राम की यह विजय अहंकार पर विन्रमता की विजय,अधर्म पर धर्म की विजय,असत्य पर सत्य की विजय,बुराई पर अच्छाई की विजय,पाप पर पुण्य की विजय,अत्याचार पर सदाचार की विजय,क्रोध पर दया, क्षमा की विजय और अज्ञान के अंधकार पर ज्ञान के प्रकाश की विजय है।



## शिवरतन के प्रयास से रावणभाटा मैदान को दुधिया रोशनी की सौगात

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने शहर सीमा अंतर्गत स्थित हथनीपारा वार्ड के दशहरा मैदान रावणभाटा में बनायें गये पथवे पर 27 नग स्ट्रीट लाईट का स्वीच ऑन कर लोकार्पण किया। स्वीच ऑन होते ही उपस्थित लोगो ने करतल ध्वनि से स्वागत किया । उक्त प्रकाश सुविधा की उपलब्धता से दशहरा मैदान में अब रात्रि कालीन पैदल चलने वालों को सुविधा मिलेगी उक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि डबल इंजन सरकार के साथ - साथ भाटापारा पालिका में भाजपा नेतृत्व वाली पालिका अध्यक्ष के कार्यकाल में शहर को व्यवस्थित करते हुए मुलभुत सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में अंधेरे व गंदगी से डुबे हथनीपारा वार्ड के रावणभाटा क्षेत्र को दुधिया रोशनी की चमक से बेहतर किया गया है। उक्त मौके पर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा , पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया , पार्षद सतीश तलरेजा, राकेश तिवारी , महाबलदास बघेल , योगेश अनंत , मोहन दास बांधे सहित अनेक पार्षद भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित बड़ी तादाद में आम नागरिक उपस्थित थे।

## राम राज्य अभिषेक के साथ लीला का समापन



**भाटापारा।** 106 वर्ष पुरानी आदर्श रामलीला नाटक मंडली द्वारा रावण दहन के पश्चात रामलीला मैदान पुरानागंज में अंतिम कार्यक्रम राम राज्य , अभिषेक का मंचक किया गया जिसमें वशिष्ठ मुनि द्वारा तिलक करते हुए राज्याभिषेक कराया गया उक्त अवसर पर सखी परिवार पंचायती मंदिन , विभिन्न महिला संगठन , गुप्ता समाज के अलावा अधिवक्ता मोहनलाल केशरवानी , राधेश्याम अग्रवाल , ममता गुप्ता , शशि भुषानिया , देवी सुलांकी श्रद्धा बंसल ,हेमा अग्रवाल , शांति भुषानिय , सरला नत्थानी , नितु गुप्ता , गायत्री , ममता , रमा अग्रवाल , अनिल अग्रवाल , गंगा जोशी , सरला सोनी , ज्योति , शोभा गुप्ता , किरण गुप्ता , लक्ष्मी गुप्ता , श्रद्धा शर्मा , ममता शर्मा , सीमा शर्मा , किरण जोशी , सुभ्रि अग्रवाल , मीना गुप्ता , कल्पना गुप्ता , हेमा गुप्ता , प्रकाश शर्मा , संदीप , डिगेश्वर , मोहन ध्रुव , जामवंत देवागंन , जय देवागंन , बजरंग ध्रुव , राजा थथवानी , मुकेश सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# विकास से विश्वास तक की यात्रा में अब सहभागी बनेंगे बस्तर और सरगुजा के सुदूर अंचलवासी - केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह





**रायपुर।** बस्तर से नक्सलवाद का अंत शीघ्र होगा और क्षेत्र में शांति स्थापित कर हम विकास के नए आयाम गढ़ेंगे। बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के सुदूर अंचलवासी अब विकास से विश्वास तक की यात्रा में सहभागी बनकर विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने जगदलपुर से मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने यात्री बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और क्षेत्रवासियों को इस विशेष पहल के लिए शुभकामनाएं दीं।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। लाल आतंक की समाप्ति प्रदेश के सुदूर इलाकों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेगी। आज प्रारंभ हुई यात्री बस सेवा हमारे नागरिकों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करेगी। उन्होंने कहा कि अब 250 गांवों के लोग अपने निकटवर्ती शासकीय कार्यालयों, स्कूलों और अस्पतालों तक आसानी से पहुंच पाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार जनसुविधाओं को बढ़ाने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का उद्देश्य यात्री बस सुविधा से वंचित गांवों में बसों का परिचालन सुनिश्चित करना है। इससे लोग कम लागत में अपने गंतव्य तक समय पर पहुंच सकेंगे। रोज़मर्रा के कामकाज, शासकीय कार्यों और अन्य गतिविधियों में भी सहूलियत बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में परिवहन सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना शुरू की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य उन गांवों तक बस सेवा पहुँचाना है, जहाँ अब तक सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इस पहल से ग्रामीणों को सुरक्षित, समयबद्ध और सुविधाजनक यात्रा का अवसर मिलेगा, जो उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### योजना के पहले चरण में बस्तर और सरगुजा पर फोकस

योजना के पहले चरण में बस्तर और सरगुजा संभाग को प्राथमिकता दी गई है। इन क्षेत्रों में कुल 34 मार्गों पर 34 बसों का संचालन प्रारंभ होगा। इस पहल से 11 जिलों के 250 नए गांव बस सेवा से जुड़ेंगे। यह प्रयास विशेष रूप से उन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होगा, जहां सड़क संपर्क सीमित है और लोग जिला मुख्यालय या अन्य महत्वपूर्ण स्थानों तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी पैदल तय करते हैं।

### ग्राम पंचायत से जिला मुख्यालय तक कनेक्टिविटी

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक निर्बाध बस कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना है। इससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और बाजार जैसी आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में आसानी होगी। योजना के तहत संचालित बसें समयबद्ध और सुरक्षित यात्रा का भरोसा देंगी, जिससे ग्रामीणों का समय और संसाधन दोनों की बचत होगी।

योजना की दीर्घकालिक सफलता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बस संचालकों को वायबिलिटी गैप फंडिंग प्रदान करने का प्रावधान किया है। यह वित्तीय सहयोग संचालकों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाएगा, ताकि वे इन दूरस्थ क्षेत्रों में निरंतर सेवा दे सकें। यह कदम न केवल परिवहन सुविधाओं को मजबूत करेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में भी योगदान देगा।

विजयादशमी उत्सव

# स्वयंसेवकों ने किया त्याग, तपस्या और बलिदान - कुलकर्णी

## कबीरनगर में पूरे जोश के साथ निकला संघ का पथ संचलन





**रायपुर ।** संघ ने शताब्दी वर्ष पूर्ण किया है। इन 100 वर्ष का रास्ता आसान नहीं था, इसमें लाखों करोड़ों स्वयं सेवकों के त्याग तपस्या बलिदान से यह यात्रा सफल रही है। उक्त वक्तव्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख श्री सुनील कुलकर्णी जी ने वीर सावरकर नगर के कबीरनगर बस्ती में हुए विजयादशमी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन पर जोर देते हुए कहा कि पंच परिवर्तन से देश और समाज में बेहद परिवर्तन देखने को मिलेगा। सभी हिन्दू समाज को एकजुट होकर देश निर्माण में आगे आना होगा। इससे निश्चित ही भारत विश्व गुरु बनने की राह तय करेगा।



**3 किमी में अनेक स्थानों पर हुआ स्वागत, अभिनंदन**

गौरतलब हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर देश में शताब्दी वर्ष हर्ष उल्लास के साथ मना रहा है। इसी कड़ी में रायपुर के कबीरनगर ( वीरसावरकर नगर) में स्वयंसेवको द्वारा विराट पथ संचलन का आयोजन किया गया।

जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध किसान और समाजसेवी बुलाकी वर्मा ने कहा कि संघ का अनुशासन समाज को दृष्टि देता है। उन्होंने कहा कि संघ बिना स्वार्थ के परोपकार की बात करता है, इसलिए लोग संघ से जुड़ रहे हैं । इस अवसर पर अतिथि द्वय के साथ नगर संघ संचालक सदाशिव गोफने जी उपस्थित रहे।

करीब 3 किमी के पथ संचलन के दौरान सभी समाज के माता बंधु भगिनी ने 14 स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। संचलन में 186 गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रायपुर महानगर के पूर्व महानगर कार्यवाह गोपाल टावरी, विहिप के भारतीय गोवंश रक्षण संवर्धन परिषद के पूर्व प्रांत अध्यक्ष नारायण भूषणिया, नगर कार्यवाह मनमोहन सिंह, नगर सह कार्यवाह द्वय अनिल पांडे, एवं रविन्द्र क्षत्रिय, रवि कुमार, मुख्य शिक्षक श्रीधर राव, सह मुख्य शिक्षक सुकेश नायर, शाखा कार्यवाह रघुनाथ खातरकर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी नगर प्रचार प्रमुख सौरभ सिंह ने दी।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com